दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 237
कोटद्वार शनिवार
31 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पंचतत्व में विलीन हुई मां हीराबेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हीराबेन के निधन की सूचना जैसे ही सामने आई, लोग मायूस हो गए। बड़ी संख्या में लोग हीराबेन के अंतिम संस्कार में शामिल होना चाह रहे थे। पार्टी और सरकार से जुड़े लोग अपने-अपने कार्यक्रमों को रद्द करने का प्लान कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही प्रधानमंत्री कार्यालय ने साफ कर दिया कि कोई भी अपने कार्यक्रम रद्द नहीं करेगा। सभी लोग अपना-अपना काम करें। बताया जाता है कि पार्टी की तरफ से भी कार्यकर्ताओं को सूचना दी गई कि कोई भी गांधीनगर न पहुंचे। पार्टी और सरकार से जुड़े सभी लोग अपना पूर्व निर्धारित काम करें।

कार्यकर्ताओं और समर्थकों को पहले ही यह संदेश जा चुका था कि प्रधानमंत्री की मां का अंतिम संस्कार बेहद सादगी से होगा। हुआ भी कुछ ऐसा ही। पीएम मोदी की मां के गांधीनगर



स्थित घर से लेकर श्मशान घाट तक 100 से भी कम लोग दिखे। हालांकि, इसमें एक नेता को देखकर हर कोई चौंक गया। आइए जानते हैं कि कौन-कौन अंतिम संस्कार में शामिल हुआ?

हीराबेन के अंतिम संस्कार में पीएम मोदी के परिवार के सभी सदस्य और करीबी लोग ही शामिल हुए। इसमें पीएम मोदी के सभी भाई, परिवार के अन्य सदस्यों के अलावा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल भी मौजूद रहे।

पिछले कुछ समय से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर रहे शंकर सिंह वाघेला भी हीराबेन के अंतिम संस्कार में पहुंचे। मुखाग्नि के वक्त भी शंकर सिंह वाघेला पीएम मोदी के साथ ही दिखे। बताया जाता है कि राजनीतिक तौर पर भले ही वाघेला पीएम मोदी के विरोध में रहते हैं, लेकिन उनका पुराना पारिवारिक संबंध भी है। हीराबेन के अंतिम संस्कार में उद्योगपति गौतम अदाणी भी पहुंचे।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा शुक्रवार सुबह 9रू26 बजे पंचतत्व में विलीन हो गईं। पीएम मोदी के साथ-साथ उनके भाइयों ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम सफर के दौरान वे मां की पार्थिव देह को कंधा देते हुए गांधीनगर स्थित घर से निकले। अंतिम यात्रा के दौरान वे शव वाहन में भी पार्थिव देह के करीब बैठे रहे। प्रधानमंत्री मोदी अंतिम संस्कार के करीब दो घंटे बाद काम में जुट गए। वे बंगाल के कार्यक्रम में वर्चुअली जुटे। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा वे बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के ब्ड नीतीश कुमार के अलावा उत्तराखंड और झारखंड के मुख्यमंत्री के साथ गंगा परिषद की मीटिंग में भी शामिल हुए।

## दिल्ली-एनसीआर में निर्माण कार्य-खनन पर रोक, ग्रेप का तीसरा चरण लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एनसीआर में ठंड बढ़ते ही वायु प्रदूषण बढ़ गया है। यानी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण को कम करने के लिए एक बार फिर से दिल्ली एनसीआर में ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पन्स एक्शन प्लान) का तीसरा चरण लागू कर कर दिया है। अब खनन, निर्माण कार्य सहित कई कामों पर पाबंदियां लागू हो गई हैं।

दिल्ली का शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 399 पर रहा, जो गंभीर श्रेणी से सिर्फ दो पायदान नीचे है। राजधानी से सटे शहरों गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद में भी वायु की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में है। आइएमडी के मुताबिक, नए साल में और ज्यादा सर्दी पड़ने वाली है। इससे वायु गुणवत्ता गंभीर से बेहद गंभीर में जा सकती है।

सीएक्यूएम द्वारा लगाए गए



ग्रेप-3 के प्रतिबंधों के अंतर्गत अब दिल्ली के सभी निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा किसी भी तरह के तोड़फोड़ पर भी रोक लग गई है। साथ ही खनन पर भी बैन लगाया गया है। ईंट-भट्ठे पर भी बैन लगा दिया गया है। दिल्ली सरकार ने इसे लागू भी कर दिया है। वहीं, बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल पर बैन (एनसीआर में प्रतिबंध) लगाने का फैसला राज्य सरकार पर छोड़ दिया गया है।

सीएक्यूएम ने कई सरकारी और जरूरी प्रोजेक्ट्स पर रोक नहीं लगाई है। जिनमें रेलवे, मेट्रो रेल, एयरपोर्ट और अंतरराज्यीय बस अड्डे, राष्ट्रीय सुरक्षा और देश के लिए जरूरी प्रोजेक्ट पर ग्रेप के तीसरे चरण के प्रविधान लागू नहीं होंगे। अस्पताल, हाईवे, फ्लाईओवर, पुल, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर सप्लाई प्लांट पर भी रोक नहीं रहेगी। दूध-डेयरी, दवा सहित अन्य जरूरी चीजों पर बैन नहीं रहेगा। बता दें कि सुबह के समय पूरे दिल्ली-एनसीआर में कोहरे और धुंध की चादर छाई रहती है। इस कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गले में खराश से लेकर आंखों में जलन जैसी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।वायु गुणवत्ता सूचकांक एक नंबर होता है, जिसके जरिए हवा की गुणवत्ता को आंका जाता है। इससे वायु में मौजूद प्रदूषण के स्तर का भी पता लगाया जाता है। एक्यूआई की रीडिंग के आधार पर हवा की गुणवत्ता को छह कैटेगरी में बांटा गया है।

### लालपुर चौकी में लगी आग, 16 वाहन जलकर राख, मचा हड़कंप

**रुद्रपुर** : लालपुर चौकी में खड़े वाहनों में बीती रात अचानक आग लग गयी। इससे हड़कंप मच गया। आग बुझाने का प्रयास करने के साथ ही अग्निशमन विभ्ााग को सूचना दी गई। आग से चौकी में रखे 16 वाहन जलकर राख हो गए। अधिकांश सीज वाहन थे। दमकल ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग अगर और विकराल रूप लेती तो आग चौकी तक पहुंच सकती थी। चौकी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार देर रात ढाई बजे के करीब अचानक लालपुर चौकी में खड़े एक वाहन में आग लग गयी। आग की लपटें देख पुलिस कर्मी तुरंत अलर्ट हुए और आग बुझाने के प्रयास किये। वहीं, दमकल को भ्ाी सूचना दी गई। सूचना पर अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे। लेकिन इतनी देर में आग ने दूसरे वाहनों को भ्ाी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग की लपटों ने 16 वाहन को चपेट में ले लिया। माना जा रहा है कि जिस जगह पर वाहन खड़े थे, उसके ऊपर से गुजरती विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से आग लगी होगी। अग्निशमन विभ्ााग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। (एजेंसी)

### अज्ञात वाहन से श्रमिक को मारी टक्कर, मौत

**रुद्रपुर** : किच्छा रोड स्थित बगवाड़ा में स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञान वाहन ने एक श्रमिक को टककर मार दी। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। लालपुर निवासी अली अहमद (55) श्रमिक था। किच्छा रोड पर बगवाड़ा स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। हादसा होता देख लोगों की भ्ाीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची बगवाड़ा चौकी पुलिस ने लोगों की मदद से अली अहमद को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भ्ोज दिया है। (एजेंसी)

### काशी विश्वनाथ प्रबंधन ने नए साल पर स्पर्श दर्शन पर लगाई रोक

**वाराणसी (एजेंसी)।** नए साल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की उम्मीद के साथ जिला प्रशासन ने काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रबंधन के साथ 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक श्स्पर्श दर्शन (जब भक्तों को शिवलिंग को टूने की अनुमति दी जाती है) को प्रतिबंधित कर दिया है। यह जानकारी मंदिर के अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि भक्तों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। वाराणसी के संभागीय आयुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा, श्स्पर्श दर्शन को 31 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच प्रतिबंधित कर दिया गया है।

हम 30 दिसंबर को इसके लिए पूर्वाभ्यास करेंगे। मंदिर प्रबंधन के रिकर्ड के अनुसार लगभग सात लाख भक्तों ने 1 जनवरी, 2022 को मंदिर में दर्शन किए थे। हालांकि इस साल नए साल पर आगंतुकों की संख्या 12 लाख के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है।अधिकारियों ने स्पर्श दर्शन और नियमित दर्शन (स्थानीय भाषा में झांकी दर्शन कहा जाता है) के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि पहले थोड़ा समय लगता है ।क्योंकि भक्तों को श्गर्भगृह में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। मंदिर में धार्मिक प्रसाद चढ़ाने के लिए, जबकि बाद में भक्तों को श्गर्भ गृह के बाहर से पुजारी को प्रसाद देने की अनुमति होती है।

## पड़ोसियों से अच्छे संबंधों की जरूरत, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहींः रक्षा मंत्री

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के पड़ोसी देशों से मित्रतापूर्ण संबंध हैं और वह मित्रतापूर्ण संबंध बनाए भी रखना चाहता है। लेकिन ऐसा राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर कतई नहीं किया जाएगा। सिवगिरी मठ के 90वें वार्षिक तीर्थ पर शुक्रवार को रक्षा मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के वक्तव्य को याद करते हुए कहा कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। इसलिए हमें हमारे पड़ोसियों से अच्टे और मित्रवत संबंधों की जरूरत है। लेकिन पड़ोसी देशों से अच्टे संबंध बनाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने केरल के समाज सुधारक श्री नारायण गुरु की शिक्षाओं जैसे-उद्योग से समृद्धि को भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारतश नीति का आधार बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि इसी का नतीजा है कि विश्व हमारी अर्थव्यवस्था को विश्व की पांच सर्वोच्च अर्थव्यवस्थाओं में शुमार कर रहा है। साथ ही हमारी सेनाएं भी शूरवीरता के लिए मान्य हैं। वह प्रधानमंत्री मोदी के दिशा-निर्देश में सशस्त्र बलों की मदद से भारत के शरीर यानी देश की सीमाओं की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इसी तरह मठ के संत देश की आत्मा की रक्षा करने पर काम कर रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि वह उनके कार्य की सराहना करते हैं। हम एक देश की तरह तभी जीवंत रह सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में क्रिकेटर पंत घायल, लकजरी कार हुई राख

**देहरादून।** क्रिकेटर ऋषभ पंत की जान उस वक्त बाल बाल बच गई जब उनकी लक्जरी कार ने शुक्रवार को तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली। हरिद्वार जिले के मंगलोर में हुई दुर्घटना में 25 वर्षीय ऋषभ पंत को सिर, पीठ और पैरों में चोट आई हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। पंत की कार ने डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली।

बताया जा रहा है कि पंत को सुबह साढ़े पांच बजे झपकी आ गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। पास से गुजर रही हरियाणा रोडवेज की एक बस के ड्राइवर और बाकी स्टाफ ने उन्हें जलती कार में से बाहर निकाला था। उनकी कार सुबह साढ़े पांच बजे डिवाइडर से टकरा गई। उन्हें रुड़की में सक्षम अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल भेज दिया गया। डॉक्टरों का कहना है कि पंत को सिर और घुटने में चोटें आई हैं।

लिगामेंट की चोट ठीक होने में दो से छः महीने लगते हैं। यह भी बताया जा रहा है कि पंत नए साल पर घर जाकर अपनी मां को सरप्राइज देना चाहते थे। पंत के इलाज का पूरा खर्च उत्तराखंड सरकार उठा रही है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से पंत की हालत को लेकर ताजा जानकारी ली और उनके इलाज का पूरा बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। पंत ने अब तक 2,271 रन बनाए हैं।

वह 30 वनडे और 66 टी-ट्वेंटी में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 33 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें पांच शतक और 11 अर्धशतक लगाए गए हैं। (एजेंसी)



### पहले भी कट चुका है पंत का चालान

आज तक की रिपोर्ट के मुताबिक तेज गति से वाहन चलाने के कारण ऋषभ पंत का उत्तर प्रदेश में एक नहीं, वरन दो बार चालान भी कट चुका है। इस साल 22 फरवरी को ऋषभ पंत की मर्सिडीज कार ने ट्रैफिक नियमों को तोड़ा था। ओवर स्पीड में दौड़ती मर्सिडीज कार कार सड़क पर लगे कैमरों में कैद हो गई थी। इसके लिए पंत को 2000 रुपए का चालान भेजा गया, जो अब तक नहीं भरा गया है।

### पंत के ईलाज का सारा व्यय राज्य सरकार करेगी वहन : सीएम

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वाहन दुर्घटना में घायल क्रिकेटर श्री ऋषभ पंत के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उनका समचित ईलाज की सभी सम्भव व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने ऋषभ पंत के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि उनके ईलाज का सारा व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। अगर एयर एम्बुलेंस की आवश्यकता होती है तो उसकी भी व्यवस्था की जाए। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत की कार का प्रातः लगभग साढ़े 5 बजे कोतवाली मंगलोर क्षेत्रांतर्गत मोहम्मदपुर जट के पास एक्सीडेंट हो गया था। मौके पर 108 व हरिद्वार पुलिस द्वारा घायल को सर्वप्रथम रुड़की अस्पताल में शिफ्ट किया तत्पश्चात देहरादून रेफर किया गया ।

## गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर दिखेगी मानसखण्ड की झांकी

### उत्तराखण्ड की मानसखण्ड पर आधारित झांकी का हुआ चयन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** गणतंत्र दिवस परेड-2023 के लिए उत्तराखण्ड राज्य की झांकी का अंतिम चयन हो गया है। सूचना विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन के उपरान्त मानसखण्ड पर आधारित झांकी प्रस्तावित की गई थी। भारत सरकार द्वारा अंतिम रुप से इस बार नई दिल्ली कर्त्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में 'मानसखण्ड' की झांकी का प्रदर्शन करने की स्वीकृति पदान की है।

यह जानकारी देते हुए सूचना विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि झांकी के अग्र तथा मध्य भाग में कार्बेट नेशनल पार्क में विचरण करते हुए हिरन, बारहसिंघा, घुरल, मोर तथा उत्तराखण्ड में पाये जाने वाली विभिन्न पक्षियों व झांकी के पृष्ठ भाग में प्रसिद्ध जागेश्वर मन्दिर समूह तथा देवदार के वृक्षों को दिखाया जायेगा। साथ ही उत्तराखंड की प्रसिद्ध लोक कला 'ऐपण' का भी झांकी के मॉडल में समावेश किया गया है। झांकी के साथ उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए छोलिया नृत्य का दल सम्मिलित होगा।

झांकी का थीम सांग उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित होगा। गौरतलब है कि श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ की तर्ज पर कुमाऊ के पौराणिक मंदिरों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मानसखण्ड मंदिर माला मिशन योजना पर काम किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर मानसखण्ड पर आधारित झांकी का प्रदर्शन होगा। देश विदेश के लोग मानसखण्ड के साथ ही उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति से भी परिचित होंगे। ज्ञातव्य है कि गणतंत्र दिवस की झांकी के लिए



लगभग 27 राज्यों ने अपने प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किये थे, जिसमें 16 राज्यों का ही अंतिम चयन हुआ है। राष्ट्रीय समारोह के नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक, के.एस. चौहान द्वारा झांकी का डिजाइन, थ्री–डी मॉडल तथा संगीत के संदर्भ में रक्षा मंत्रालय के अधीन गठित विशेषज्ञ समिति के सम्मुख नई दिल्ली में 7 बार प्रस्तुतिकरण करने के उपरान्त उत्तराखण्ड राज्य का अंतिम चयन हुआ है। झांकी का निर्माण 31 दिसम्बर से सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी केएस चौहान के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय रंगशाला शिविर, नई दिल्ली में किया जायेगा।

झांकी के साथ उत्तराखण्ड की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए उत्तराखंड का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य का ग्रुप 13 जनवरी, 2023 को राष्ट्रीय रंगशाला शिविर, नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा।

### अब तक 13 झांकियों का किया गया प्रदर्शन

उत्तराखण्ड राज्य द्वारा अभी तक गत् वर्षों में 13 झांकियों एवं उत्तराखण्ड की कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन कर्त्तव्य पथ पर किया गया है, इनमें वर्ष 2003 में 'फुलदेई', वर्ष 2005 में 'नंदा राजजात', वर्ष 2006 में 'फूलों की घाटी', वर्ष 2007 में 'कार्बेट नेशनल पार्क', वर्ष 2009 में 'साहसिक पर्यटन', वर्ष 2010 में 'कुम्भ मेला हरिद्वार', वर्ष 2014 में 'जड़ीबूटी', वर्ष 2015 में 'केदारनाथ', वर्ष 2016 में 'रम्माण', वर्ष 2019 में 'अनाशक्ति आश्रम', वर्ष 2021 में 'केदारखण्ड' तथा वर्ष 2022 में 'प्रगति की ओर बढ़ता उत्तराखण्ड' सम्मिलित हैं।

## मुजफ्फरपुरः निकाय चुनाव में महिलाओं ने मारी बाजी

### उत्तर बिहार के 6 निगमों में संभालेंगी मेयर-डिप्टी मेयर का पद

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** उत्तर बिहार के छह नगर निगमों में हुए चुनाव में सभी जगह महिलाएं पुरुषों पर भारी पड़ीं। कोई पुरुष मेयर नहीं बन सका। मुजफ्फरपुर, बेतिया और दरभंगा से मेयर और डिप्टी मेयर महिलाएं ही बनी हैं। साफ है कि अब यहां के छह नगर निकायों की कमान महिलाएं ही संभालेंगी।

मुजफ्फरपुर में निर्मला देवी साहू, नवगठित बेतिया से निवर्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया, दरभंगा से अंजुम आरा, मोतिहारी से प्रीति गुप्ता, समस्तीपुर से अनिता राम और सीतामढ़ी रौनक जहां मेयर पद पर जीतीं। उपमेयर पद पर तीन महिलाएं जीतीं। ये मुजफ्फरपुर से डा. मोनालिसा, बेतिया से गायत्री देवी व दरभंगा से नाजिया हसन रहीं। इसके अलावा मोतिहारी से लालबाबू प्रसाद, समस्तीपुर से रामबालक पासवान और



सीतामढ़ी आशुतोष कुमार डिप्टी मेयर बने।

आठ नगर पंचायतों में हुए चुनाव में तीन जगहों पर महिलाएं मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद बनीं। इसमें बेतिया के लौरिया से सीता देवी मुख्य पार्षद व किशोरी देवी उप मुख्य पार्षद बनीं। समस्तीपुर के मुसरीघरारी से दिव्या कुमारी मुख्य पार्षद व मंजू उपमुख्य पार्षद तथा सिंघिया से मिंकू कुमारी मुख्य पार्षद व खुशबू देवी उप मुख्य पार्षद बनीं। इसके अलावा मुजफ्फरपुर के माधोपुर सुस्ता, मुरौल, दरभंगा के सिंहवाड़ा और भरवाड़ा, मोतिहारी के अरेराज से पुरुष जीते।

## केंद्र सरकार ने दिया नए साल का तोहफा, छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने छोटी जमा योजनाओं पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इनमें पोस्ट अफिस सावधि जमा, एनएससी (नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना शामिल हैं। अर्थव्यवस्था में ब्याज दरों में मजबूती के तहत एक जनवरी से इन जमा योजनाओं की ब्याज दर 1.1 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की गई है।

हालांकि, पब्लिक प्रविडेंट फंड (पीपीएफ) और बालिका बचत योजना सुकन्या समृद्धि पर ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया है। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर एक जनवरी से सात फीसदी ब्याज मिलेगा फिलहाल यह 6.8 फीसदी है। इसी तरह, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर वर्तमान के 7.6 प्रतिशत के मुकाबले 8 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

एक से पांच साल की अवधि



की पोस्ट अफिस टर्म डिपजिट स्कीम्स पर ब्याज दरें एक जनवरी 2023 से 1.1 प्रतिशत तक बढ़ जाएंगी। मासिक आय योजना में भी ब्याज दर 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दी गई है। मोदी सरकार की ओर से छोटी जमा बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बढ़ोतरी को नए साल के तोहफे के रूप में देखा जा रहा है। फिलहाल यह इजाफा जनवरी से मार्च तिमाही के लिए किया गया है। सरकार ने पोस्ट अफिस की एक साल की सेविंग्स स्कीम पर ब्याज दर बढ़ाकर 6.6ः कर दी है जो पहले 5.5 प्रतिशत थी। जबकि 2 साल की स्कीम पर 6.8ः की दर से ब्याज मिलेगा, जो पहले 5.7 प्रतिशत था। 3 साल की स्कीम पर ब्याज दर बढ़कर 6.9ः कर दी गई है, जो पहले 5.8 प्रतिशत थी। वहीं, पांच साल की स्कीम पर 7ः की दर से ब्याज मिलेगा, यह पहले 6.7 प्रतिशत था। केंद्र सरकार तिमाही आधार पर छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा करती है। छोटी बजत योजनाओं के लिए ब्याज दर निकालने का फर्मूला श्यामला गोपीनाथ कमेटी ने दिया था। समिति के सुझावों के अनुसार विभिन्न योजनाओं की ब्याज दरें समन मैच्यरोरिटी वाले केंद्र सरकार के बन्ड प्रतफिलों से 25 से 100 बीपीएस अधिक होनीं चाहिए।

# डीएम ने किया जैविक कृषि आउटलेट का उद्घाटन





चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को मंडल क्षेत्र में कृषि, उद्यान, मत्स्य पालन, मनरेगा के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं और शिक्षण संस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंडल में जैविक कृषि आउटलेट का उद्घाटन भी किया। परम्परागत कृषि विकास योजना के अन्तर्गत जैविक उत्पादों के विपणन के लिए कृषि विभाग द्वारा मंडल में जैविक कृषि आउटलेट बनाकर जय माँ दुर्गा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से इसका संचालन शुरू किया गया है। इस आउटलेट में स्थानीय दालें, चावल, मंडुवा, सोयाबीन, मसाले, फरण आदि जैविक उत्पादों का विपणन आज से शुरू हो गया है। जिलाधिकारी ने आउटलेट का शुभांरभ करते हुए सबसे पहले स्वयं ही यहां से खरीददारी की। मंडल क्षेत्र में मनरेगा के अन्तर्गत निर्मित मत्स्य तालाबों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने नए तालाबों का निर्माण कराते हुए अधिक से अधिक काश्तकारों को मत्स्य पालन से जोड़ने और पूरे मंडल वैली को एक ट्राउट प्रजनन केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मछली पालन के लिए फीड सप्लाई हेतु स्थानीय स्तर व्यवस्था की जाए। ताकि काश्तकारों को आसानी से मत्स्य फीड उपलब्ध हो और मछली पालन से जुड़े किसानों को अधिक फायदा मिल सके। जडी बूटी शोध संस्थान के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाई प्रोडेक्ट तैयार करने के लिए जड़ी बूटी विक्रय करने तथा पर्यटकों को यहां पर उत्पादन की जा रही जड़ी बूटियों की जानकारी देकर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। इस दौरान शोध संस्थान में आर्किड हर्बल गार्डन, हर्बल एनालिटिकल प्रयोगशाला, संग्रहालय का निरीक्षण किया गया। शैक्षिक गुणवत्ता को परखने के लिए जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सिरोली में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषयों पर सवाल पूछते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आंगनबाडी केन्द्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ बैठकर उनसे कविताएं सुनी और उनके शैक्षणित स्तर को परखा। उन्होंने पोषाहार वितरण के बारे में जानकारी लेते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों के खेल खिलौने, शिक्षण सामग्री, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, जिला विकास अधिकारी सुमन राणा, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, ईई जल संस्थान आरके निर्वाल, जडी बूटी शोध संस्थान के वैज्ञानिक डा.सीपी कुनियाल, डा. एके भण्डारी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पीएम मोदी की माताजी को गंगा आरती अर्पित कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी



ऋषिकेश। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट द्वारा महिलाओं द्वारा की जा रही विश्व प्रसिद्ध प्रथम महिला गंगा आरती में पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी जी का 100 साल की उम्र में निधन पर ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनकी आत्मा की शान्ति हेतु मौन रखा।

गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि अद्भुत व्यक्तित्व, सरल हृदय और प्रभु के श्री चरणों में समर्पित जीवन था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी जी ने अत्यंत कठिन और संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए जो संस्कार अपने परिवार को दिये। अंत्यत सरल और ममता मय उनकी छवि हमेशा स्मरण में रहेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मोदी परिवार को इस दुरूख की घड़ी में संबल दे। ॐ शांति।

मुख्य रूप से गंगा आरती में ट्रस्ट की सदस्य डॉक्टर ज्योति शर्मा, सुषमा बहुगुणा, रीता, प्रमिला, गायत्री देवी, सरोज देवी आदि ने गंगा आरती की।

## पीएम की माँ को दी श्रद्धांजलि

नई टिहरी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुःख जताते उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी दफ्तर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता ने बड़े कष्टों के साथ अपने परिवार का पलान पोषण किया है। प्रधानमंत्री का अपनी माता हीराबेन से गहरा लगावा था। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर प्रधानमंत्री की मां की दिवंगत आत्म शांति के लिये प्रार्थना भी की। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक किशोर उपाध्याय, भाजपा मंडलध्यक्ष विजय कठैत, उदय रावत, रामलाल नौटियाल, तेजराम सेमवाल,गोपीराम चमोली, जगदंबा प्रसाद रतूड़ी, असगर अली, जीतराम भट्ट,राजेश डियूडी, जयेन्द्र पंवार शामिल थे। (एजेंसी)

# मध्य प्रदेश ने जीता ओवर ऑल चैंपियन का खिताब

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ वाटर स्पोर्ट्स कप का हुआ समापन

नई टिहरी : टिहरी झील में आयोजित वाटर स्पोर्ट्स कप में मध्य प्रदेश की टीमों ने ओवर ऑल चैंपियन का खिताब जीता। महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की टीम तथा पुरुष वर्ग में सेना की टीम उप विजेता रही। भव्य रंगारंग कार्यक्रमों के साथ वाटर स्पोर्ट्स कप का समापन हुआ।

शुक्रवार को टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन मंत्री सुबोध उनियाल ने विजेता और उपविजेता टीमों और खिलाड़ियों को ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया। महिला वर्ग में आइटीबीपी की टीम ने दूसरा स्थान हासिल कर चैंपियनशिप अपने नाम की। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि टिहरी झील में वाटर स्पोर्ट्स कप का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा, आने वाले समय में टिहरी झील साहसिक खेलों और पर्यटन के क्षेत्र में देश और दुनिया का प्रमुख स्थल बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने टिहरी झील में कयाकिंग एंड कैनोइंग एकेडमी खोलने की घोषणा की है, जिसके बाद टिहरी और प्रदेश के युवाओं को टिहरी झील में साहासिक खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

साथ ही यहां के स्थानीय युवा ओलंपिक और एशियन चैंपियनशिप जैसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का हुनरा दिखा सकेंगे। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि आने वाला समय टिहरी का है, केंद्र और राज्य सरकार टिहरी झील को विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र बनाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही हैं। समापन समारोह में टीएचडीसी के अपर महाप्रबंधक डॉ. एएन त्रिपाठी ने कहा कि टीएचडीसी ने पहली बार वाटर स्पोर्ट्स कब का आयोजन किया है, आने वाले समय में टीएसडीसी बांध की झील में विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगी, जिससे टिहरी झील पूरी दुनिया में प्रमुख साहसिक खेलों का केंद्र बनकर उभरेगा।

ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डीके सिंह, कयाकिंग एंड केनोइंग फेडरेशन की अध्यक्ष बिलकिश मीर ने कहा कि आने वाले समय में टिहरी झील में और बड़े आयोजन कराए जाएंगे। विश्व का साहसिक खेलों का सबसे बड़ा केंद्र बनाने के लिए एसोसिएशन और फेडरेशन काम करेगा।

## एक नजर

### दवा पहुंचाने की योजना कारगर साबित हुई

ऋषिकेश। उत्तराखंड के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में कई किस्म की बीमारियों से ग्रसित मरीजों को टेलीमेडिसन के जरिए एम्स के एक्सपर्ट सलाह तो दे पा रहे हैं, लेकिन मरीज तक दवा पहुंचाना संस्थान के लिए चुनौती बना हुआ है। लिहाजा, अब एम्स प्रशासन ने इसका भी हल ढूंढ़ निकाला है। संस्थान जल्द ड्रोन सेवा के जरिए दुर्गम क्षेत्रों में अब मरीजों तक दवा पहुंचाएगा। कार्यकारी निदेश-ाक प्रोफेसर मीनू सिंह ने शुक्रवार को खास बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेशनल हेल्थ ऑथरिटी से भी इस बाबत समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

कहा कि टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सक दुर्गम इलाकों के मरीजों का मर्ज पता कर महज सलाह ही दे पा रहे हैं, मगर दवा के बगैर यह सलाह किसी काम की नहीं है। खासकर उत्तराखंड राज्य को टीवी मुक्त बनाने का लक्ष्य है, तो मगर दुगर्म क्षेत्रों में दवाईयों के बिना यह संभव नहीं है। प्रो. मीनू ने बताया कि नॉर्थ ईस्ट में ड्रोन के जरिए दवा पहुंचाने की योजना कारगर साबित हुई है।

### शिक्षण संस्थानों के पास गुटखा बेचने और सार्वजानिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर हुई कार्रवाई

देहरादून। रायपुर थाना पुलिस ने स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों के आसपास गुटखा, तम्बाकू बेचने और सार्वजानिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस की तीन टीमों ने 64 लोगों के चालान कर 3200 रुपये का जुर्माना वसूला है। एसओ कुंदन सिंह ने बताया कि यह अभियान एसएसपी के निर्देशन में चलाया जा रहा है। एसपी सिटी सरीता डोभाल और सीओ नेहरू कॉलोनी अनिल जोशी के निर्देश पर गठित तीन टीमों ने मालदेवता, मयूर विहार, बालावाला और रायपुर क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों के आसपास गुटखा, तम्बाकू बेचने वालों और सार्वजानिक स्थानों मे धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

# सरकार भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं खुर्द–बुर्द करने तथा निजी भूमि पर अनुमति से अधिक पेड़ काटे जाने की शिकायतों पर डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



देहरादून। जनपद के विकासनगर तहसील क्षेत्रान्तर्गत सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं खुर्द–बुर्द करने तथा निजी भूमि पर अनुमति से अधिक पेड़ काटे जाने की शिकायतों के क्रम में जिलाधिकारी सोनिका ने स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा संलिप्त के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिलाधिकारी विकासनगर को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जबकि हरियावाला धौलास में सरकारी भूमि पर निर्माण कार्य होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल ध्वस्तीरकण के निर्देश दिए, जिस पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिलाधिकारी विकासनगर की उपपस्थिति में उक्त भूमि पर नाला पाटकर बनाई गई सड़क एवं भूमि के समतलीकरण हेतु नाले पर लगाई दीवार को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

एनफील्ड टी कम्पनी जंगल राजावाला में अनुमति से अधिक पेड़ काटने के शिकायत पर जिलाधिकारी ने मौका मुआवना करते हुए निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को प्रकरण की जांच करने हेतु समिति बनाते हुए पेड़ कटान सहित भूमि को समतलीकरण किये जाने पर अवैध खनन तथा सरकारी भूमि पर अतिक्रमित तो नही की गई है सभी पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने ग्राम बैरागीवाला जस्सोवाला में ग्रामसभा की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर मौका मुआवना किया इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सीमांकन करने का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सम्बन्धित लेखपाल को सीमांकन करते हुए आख्या उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

हरियावाला धौलास के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भूमि पर जाने हेतु बरसाती नाला बन्द कर रोड़ बनाई गई है तथा भूमि के अन्तिम छोर पर नाला पाटकर दीवार निर्माण करने तथा समतलीकरण आदि निर्माण /अतिक्रमण किये जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिलाधिकारी विकासनगर को सभी पहलुओं की जांच करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित कार्मिकों को शासकीय भूमि को खुर्द–बुर्द कर अतिक्रमित करने की शिकायत पर फील्ड विजिट करने हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शासकीय भूमि को खुर्द–बर्दु कर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश के साथ ही चेतावनी दी कि यदि अतिक्रमण में किसी कार्मिक की भूमिका परिलक्षित होती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। हरियावाला धौलास में सराकारी भूमि पर किये गए अतिक्रमण को टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है।

# निकाय चुनाव की रणनीति तैयारियों पर किया उक्रांद ने मंथन

## प्रदेश के सभी निकायों में चुनाव लड़ेगी उक्रांदः मुंडेपी

विकासनगर। उत्तराखंड क्रांति दल की डाकपत्थर रोड स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में निकाय चुनाव तैयारियों की रणनीति पर मंथन किया गया। उक्रांद के निकाय चुनाव प्रदेश प्रभारी ने कहा कि दल पूरे प्रदेश के निगमों और नगर निकायों के प्रत्येक पद पर चुनाव लड़ेगा। शुक्रवार को बैठक की अध्यक्षता दल के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि निकाय और पंचायतों में प्रतिनिधित्व किया जाए। राजनीति की पहले पायदान से ऊपर चढ़ते हुए ही प्रदेश की राजनीति में प्रमुख भूमिका तक पहुंचा जा सकता है। प्रदेश निकाय प्रभारी समीर मुंडेपी ने कहा कि उक्रांद पूरे प्रदेश के सभी नगर निकायों और नगर निगमों में अपने प्रत्याशी उतारेगा। इसके लिए प्रत्येक निकाय और निगम के चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं। प्रभारी अपने क्षेत्र के सभाषद, पार्षद, अध्यक्ष और महापौर के संभावित प्रत्याशियों का पैनल दो माह में केंद्रीय कार्यालय को मुहैया कराएगा, जिसके बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव प्रचार और तैयारियों में दल के केंद्रीय नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दल का लक्ष्य प्रदेश के सभी निकायों में सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज कराना है। कहा कि निकाय और पंचायत सबसे छोटे स्तर की संस्थाएं हैं, जिनके लिए विकास की योजना सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश के साथ ही भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रख कर बनाई जानी जरूरी हैं। लेकिन राष्ट्रीय दलों का निकायों पर कब्जा होने के कारण यहां भी राष्ट्रीय स्तर की नीतियों को लागू किया जाता है। इससे आम जनता को समुचित लाभ नहीं मिलता है। उक्रांद का प्रतिनिधित्व होने के बाद निकायों के लिए विकास योजनाएं तैयार करने से पहले क्षेत्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। बैठक के दौरान हरबर्टपुर निकाय चुनाव के लिए मनोज कंडवाल को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक के समापन पर प्रधानमंत्री की माता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद काला, शहर अध्यक्ष जयकृष्ण सेमवाल, मायाराम ममगाईं, अतुल बेंजवाल, भूपेंद्र सिंह नेगी,ख् पूरण प्रसाद भट्ट, अमजद आदि मौजूद रहे।

## बुलेरो ने मारी स्कूटी को टक्कर, बुलेरो चालक के खिलाफ केस दर्ज

ऋषिकेश। हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एक बुलेरो ने स्कूटी सवार युवती और युवक को टक्कर मार दी, जिसमें वह चोटिल हो गए। हादसे में स्कूटी पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में युवती के पिता ने शिकायत देकर बुलेरो कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली मुताबिक राखल बढ़ई निवासी मायाकुंड, ऋषिकेश ने शिकायत देकर बताया कि गुरूवार को उनकी बेटी स्कूटी से एक युवक के साथ हरिद्वार बाइपास मार्ग से गुजर रही थी। इसीबीच बुलेरो वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी।

## लूट के मोबाइल फोन सहित बाइक सवार गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मेहूंवाला में एक युवक को मोबाइल लूटने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर दिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने लूट का मुकदमा तरमीम कर दिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। नरेश कुमार पुत्र पोलाराम निवासी ग्राम दमोह थाना कालसी जिला देहरादून ने डाकपत्थर चौकी पुलिस को गुरुवार को सुबह एक तहरीर दी। तहरीर में बताया कि बुधवार शाम करीब पांच बजे उसका भाई आशीष कुमार किसी को मिलने जा रहा था। तभी बाइक सवार एक बदमाश ने झपट्टा मारकर उसके भाई का मोबाइल फोन लूट लिया और वहां से फरार हो गया। उसके भाई ने पीछा किया लेकिन आरोपी बाइक में इतनी तेजी से भाग निकला कि उसका पता नहीं चल पाया कि वह कहां को निकला।

# ऋषिकेश के सिनेमाघर में लगी गढवाली फिल्म मेरु गौं

ऋषिकेश। ऋषिकेश के सिनेमाघर में शुक्रवार को गढ़वाली फिल्म मेरु गौं का प्रदर्शन शुरू हुआ। लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर फिल्म देखी। फिल्म में पहाड़ की पीड़ा देख दर्शकों की आखें नम हो गईं। सिनेमाघरों में प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से इस फिल्म का प्रदर्शन होगा। शुक्रवार को दून मार्ग स्थित रामा पैलेस सिनेमाघर में गढ़वाली फीचर फिल्म मेरु गौं के प्रथम शो का उद्घाटन महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद महाराज व समाजसेवी राजे नेगी ने किया।

राजे नेगी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। पलायन और पहाड़ के दर्द को जिस वास्तविकता के साथ इस फिल्म में दर्शाया गया है, वह अद्भुत है। उत्तराखंड की फीचर फिल्मों को बढ़ावा देने में यह फिल्म निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि फ़िल्म को बुद्धिजीवी एवं आम नागरिक सभी पसंद कर रहे हैं। मेरु गौं से उत्तराखंडी सिनेमा के नए दौर का आगमन हुआ है। फिल्म में जबरदस्त हास्य के साथ भावनाओं का ज्वार भी है।

बताया कि प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे इस फिल्म के एक शो का प्रदर्शन ऋषिकेश में होगा। मौके पर मुख्य अभिनेता राकेश गौड़, गोकुल पंवार, गीता उनियाल, रमेश ठंगरियाल, समाजसेवी उत्तम सिंह असवाल, फ़िल्म अभिनेता मदन डुकलान, विकास उनियाल, धर्मेंद्र चौहान, कमल सिंह राणा, कुसुम जोशी, सतेंद्र चौहान, अरुण बडोनी, गौरव भल्ला, डीपी रतूड़ी आदि उपस्थित रहे।

# बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के तहत हुई संगोष्ठी

विकासनगर। बाल विकास विभाग की ओर बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के तहत शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें छात्राओं की करिअर काउंसलिंग के साथ ही उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत कर रहीं खंड विकास अधिकारी आतिया परवेज ने छात्राओं को बताया कि अपने अधिकारों के लिए लड़ने का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। शिक्षित बेटी समाज में अपने अधिकार प्राप्त करने के साथ ही समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी और संसाधनों की कमी सफलता के आड़े नहीं आती है। लगन, मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर सफलता हासिल की जाती है। समाज में कई महिलाएं ऐसी हैं, जिनका बचपन गरीबी में बीता लेकिन बाद में उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर समाज में ऊंचा मुकाम हासिल किया। उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बेड टच की जानकारी देते हुए बताया कि अपनी सुरक्षा बेटियों को खुद करनी होगी। साथ ही कहा कि हर टच बेड टच नहीं होता है, लिहाजा इस बात को समझना भी जरूरी है। हमारी गलतफहमी से किसी का भविष्य बर्बाद न हो, यह भी हमें ही सोचना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को जीवन सफल होने के लिए निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। सीडीपीओ तरुणा चमोला ने छात्राओं को बाल विकास विभाग और प्रदेश सरकार की ओर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मुहैया कराई। साथ ही बताया कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर छात्राएं बाल विकास कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने ऊर्जा निगम कार्यालय का घेराव कर धरना दिया

विकासनगर। नगर कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने सेलाकुई नगर और आसपास के गांवों में हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ऊर्जा निगम कार्यालय का घेराव कर धरना दिया। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कर व्यवस्था में सुधार करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी। शुक्रवार की सुबह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक सप्ताह से सुबह सात बजे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है, जो शाम पांच बजे बहाल होती है। इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है, जिससे घरेलू उपयोग में बिजली की खपत बढ़ जाती है। पानी की मोटर भी नहीं चल पाती है। बिजली गुल होने से अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति भी ठप हो रही है। जिससे पूरी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। इन दिनों गर्म पानी का उपयोग हर घरेलू कार्य के लिए किया जाता है, लेकिन बिजली के अभाव में लोग पानी गर्म नहीं कर पा रहे हैं। कड़कड़ाती सर्दी में बच्चे और बुजुर्ग ठिठुरने को मजबूर हो गए हैं। आरोप लगाया कि ऊर्जा निगम कार्यालय में दोपहर बारह बजे भी हीटर जल रहे हैं, जबकि आम जनता सुबह से ही अघोषित बिजली कटौती की मार झेल रही है। बिजली गुल होने से ग्रामीणों की आजीविका भी प्रभावित हो रही है। बिजली की मदद से कुटीर उद्योग चलाने वाले ग्रामीणों का रोजगार ठप हो रहा है।

## खिलाड़ियों ने जीते पदक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** कोटद्वार स्टेडियम छात्रावास के खिलाड़ियों ने हरिद्वार में आयोजित वरिष्ठ राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में कास्यं पदक जीते हैं।

स्टेडियम प्रभारी संदीप डुकलान व बाक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि हरिद्वार में 26 से 28 दिसंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में छात्रावास के बाक्सर अंकित दानू ने 46–48 किलोग्राम, आदित्य चंद्र ने 54 –57 किलोग्राम व नितिन से 78–80 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्यपदक जीता। छात्रों की इस उपलब्धि पर छात्रावास में हर्ष का माहौल है।

# सड़क बनी सपना, डोली के सहारे ग्रामीणों की जिंदगी

## सड़क सुविधा को तरस रहे बीरोंखाल के चौरखिंडा मल्ला गांव के ग्रामीण, सड़क नहीं होने से चौरखिंडा मल्ला गांव से लगातार हो रहा पलायन

जयन्त प्रतिनिधि।

भले ही सरकार गांव-गांव को सड़क से जोड़ने के दावे कर रही हो। लेकिन, हकीकत यह है कि सड़क सुविधा के अभाव में आज भी बीरोंखाल के चौरखिंडा मल्ला गांव के ग्रमीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं। लाख शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम गांव तक सड़क पहुंचाने की सुध नहीं ले रहा। बीमार ग्रामीणों को अस्पताल पहुचाने के लिए डोली ही एक सहारा बनी हुई है।

चौरखिंडा मल्ला गांव के ग्रामीणों को आज भी मुख्य सड़क काणाखेत से गांव पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। जबकि, यह गांव बीरोंखाल ब्लाक से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव में न तो शिक्षा की सुविधा है और न ही स्वास्थ सुविधा। नतीजा पांच वर्ष पूर्व जिस चौरखिंडा मल्ला गांव में सौ से अधिक परिवार रहते थे वहां अब मात्र बीस से तीस परिवार ही रह गए हैं। इसमे भी अधिकांश परिवार पलायन की तैयारी कर रहे हैं।

तीन किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई में मरीज को डोली के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल पहुंचा व लाना ग्रामीणों के समक्ष एक बड़ी चुनौती बन रही है। यहीं नहीं चारों ओर घनघोर जंगल से घिरे मार्ग पर हर समय जंगली जानवरों का डर बना रहता है।

> वन भूमि पत्रावली वन विभाग को भेजी गई थी। जिसके बाद फाइल उपजिलाधिकारी कार्यालय में है। स्वीकृति मिलते ही मार्ग निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा
>
> **...तस्लीम अहमद, एई लोकनिर्माण विभाग**



ग्राम चौरखिंडा से डोली के सहारे बुजुर्ग को अस्पताल लेकर जाते ग्रामीण।

### गांव नहीं आते मेहमान

ग्राम चौरखिंडा मल्ला में सड़क सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीण खुद को दुनिया से कटा हुआ महसूस करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क न होने के कारण गांव में नाते–रिश्तेदार आने से भी कतराते हैं। विधानसभा व लोकसभा चुनाव में हर बार जनप्रतिनिधि गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के दावे करते हैं। लेकिन, सत्ता मिलने के बाद वह मुड़कर भी नहीं देखते। गांव के बच्चों को भी स्कूल के लिए दो किलोमीटर दूर चौरखिंडा तल्ला की दौड़ लगाते हैं।

# रामलीला में सीता हरण का हुआ मंचन

## दुर्गापुरी में आयोजित की जा रही दोपहर की रामलीला

जयन्त प्रतिनधि।

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गापुरी में आयोजित रामलीला में शुक्रवार को सीता हरण का मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

रामलीला के मंचन का शुभारंभ कृषि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मंचन के दौरान पंचवटी में लक्ष्मण को देख रावण की बहन सूपर्णखा मोहित हो जाती है।

सूपर्णखा लक्ष्मण पर उससे शादी करने का दबाव बनाने लगती है, जिस पर लक्ष्मण क्रोधित हो जाते हैं और सूपर्णखा की नाक काट देते हैं। रोते हुए सूपर्णखा रावत के पास पहुंची है और उसे पूरी घटना से अवगत करवाती है। इसके बाद रावण अपने मामा मरीच के साथ मिलकर सीता को हरण करने का षड्यंत्र रचता है। मार्ग में जटायु माता सीता की मदद करने आता है। लेकिन, रावण उस पर हमला कर उसे घायल कर देता है। इसके उपरांत रावण माता सीता को हर कर लंका ले जाता है। महर्षि कण्व सांस्कृतिक कला मंच के अध्यक्ष भक्ति बड़थ्वाल व सचिव हर्षवर्द्धन बिंजोला ने बताया कि दुर्गापुरी में प्रत्येक वर्ष दोपहर की रामलीला का मंचन किया जाना है। इस मौके पर गिरिराज सिंह रावत, शक्ति बड़थ्वाल, बलदेव सिंह नेगी, जगमोहन पपनैई आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार।

## शारीरिक शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**श्रीनगर गढ़वाल** : डायट चड़ीगांव में शारीरिक शिक्षकों का वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पौड़ी जनपद के 15 विकासखंडों के शारीरिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्य संदर्भदाता एवं प्रो. कबड्डी रेफरी, कबड्डी कोच व उत्तराखंड राज्य कबड्डी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव लीलानंद सिंह राणा ने सभी डायटों में इस प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई। अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी शिवा चौधरी ने वॉलीबाल के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जो बालिका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेगी उसे 54 हजार पुरस्कार राशि दी जाएगी। समापन अवसर पर डायट के प्राचार्य ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए व उनसे अपेक्षा जताई कि वह प्रशिक्षण का लाभ अपने-अपने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को देंगे। इस अवसर पर एसएस कलेठा, जगमोहन पुंडीर, नीलिमा शर्मा, हर्षवर्धन रतूड़ी, जीसी पुरोहित, दुर्गेश बतर्वाल, पूजा जोशी, रोहित चौधरी, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन विनय किमोठी ने किया। (एजेंसी)

# नए साल पर हुआ हुडदंग तो होगी कार्रवाई

## अपर पुलिस अधीक्षक ने ली होटल व बारात घर संचालकों की बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने कहा कि नए साल के जश्म में यदि किसी ने भी हुडदंग मचाने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने होटल व बारात घर संचालकों को भी नियमों के पालन की हिदायत दी। कहा कि बिना पहचान पत्र लिए किसी भी व्यक्ति को कमरा न दें।

शुक्रवार को को अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने कोतवाली में होटल व बारातघर संचालकों की बैठक लेते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि नए साल पर गढ़वाल क्षेत्र में घूमने के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि कानून व्यवस्था में किसी तरह का खलल न हो, इसके लिए होटल व बारातघर संचालकों को भी पुलिस का सहयोग करना होगा। होटल संचालक बिना पहचान पत्र लिए किसी भी व्यक्ति को कमरा न दें। साथ ही बारातघर संचालक भी नियम का पालन करें। अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाए। कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण भी देश में दोबारा पैर पसारने लगा है। कोरोना से समाज को बचाने के लिए हमें कोविड नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। बारातघर व होटलों में सैनेटाइजर व मास्क का प्रयोग करवाएं। कहा कि नियमों का पालन करवाने के लिए पुलिस टीमें भी लगातार गश्त पर रहेंगी। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार कोतवाली में होटल व बारातघर संचालकों को निर्देशित करते एएसपी।

# कोटद्वार में फरवरी माह में होगा बर्ड फेस्टिबल

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने आगामी फरवरी माह में कोटद्वार में बर्ड फेस्टिबल के आयोजन के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों और सदस्यों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित कर तैयारियों को संपादित करने के दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बर्ड फेस्टिवल में आने वाले प्रोफेशनल बर्ड वाचर, सामान्य बर्ड वाचर, स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों का प्रतिभाग करवाने व स्कूली बच्चों सहित आगन्तुकों को बर्ड वाचिंग करवाने, बर्ड फेस्टिवल में बर्ड के संसार से जुड़ी प्रदर्शन और मूवी दिखाने के संबंध में होमवर्क करने को कहा।

डीएम ने सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों, बर्ड वाचिंग के तकनीकी और अनुभवी लोगों को कोटद्वार में बर्ड फेस्टिवल को भव्य तरिके से मनाये जाने तथा लोगों को पक्षियों के प्रति अधिक जानकारी और जागरूकता प्रदान करने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सदस्यों को आपसी समन्वय से आयोजन और आयोजन के दौरान रखे जाने वाले तीन दिवसीय इवेन्ट की रूपरेखा तैयार करने, इस संबंध में व्यापक होमवर्क करते हुए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बार नये बर्ड वाचिंग गाइड तैयार किये जाए, बर्ड फेस्टिवल की डॉक्यूमेन्ट्री और फोटोग्राफी करके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उसको अपलोड किया जाए, ताकि लोगों की चिड़ियों के संसार के बारे में अधिक जागरूकता बढ़े तथा कोटद्वार आसपास के बर्ड बाहुल्य क्षेत्र से परिचय भी हो जाय। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी कोटद्वार को निर्देशित किया कि वन विभाग के मानक के अनुरूप बर्ड फेस्टिवल और बर्ड वाचिंग से संबंधित जितनी भी गतिविधियां संपादित की जा सकती हैं उनको एक्टिविटिज में शामिल करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, डीएफओ दिनकर तिवारी, आयुक्त नगर निगम कोटद्वार वैभव गुप्ता, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, तहसीलदार विकास अवस्थी सहित अजय खंतवाल, राजीव बिष्ट, शैवाल रावत, कुंवर अजय सिंह, एस बंसल व अन्य संबंधित सदस्य वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान वचुअल माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए।

## छात्रावासों में वाई-फाई की सुविधा देने की मांग की

**श्रीनगर गढ़वाल** : बिड़ला परिसर छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन सिंह नेगी ने छात्रावासों में रह रहे छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्य छात्रावास अधीक्षक को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के विभाग बिड़ला परिसर में हैं उन्हें बिड़ला परिसर के छात्रावासों एवं जिनके विभाग चौरास परिसर में उन्हें चौरास परिसर के छात्रावासों में शिफ्ट किया जाए। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को कॉशन मनी वापस दिलाए जाने, छात्रावासों में वाई-फाई की सुविधा प्रदान करने, स्वच्छता का पूरा ध्यान रखने व महीने में दो दिन छात्रावासी छात्रों के साथ वार्डन/चीफ वार्डन की बैठक होनी जरूरी की जाए। उन्होंने उक्त मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय लिए जाने की मांग की। (एजेंसी)

# चंद्रशेखर भट्ट बने समिति के अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली/कोटद्वारः** बलिदान बिग्रेड समिति की ओर से नवीन कार्यकारणी का गठन करते हुए चंद्रशेखर भट्ट को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान समाजसेवी सुंदर सिंह चौहान ने क्षेत्र में शहीद स्मारक बनवाने के लिए पांच नाली भूमि दान देने की घोषणा की।

सतपुली ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्धाश्रम में बलिदान ब्रिगेड की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र राणा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति नई कार्यकारिणी का गठन था।

बलिदान ब्रिगेड ने उत्तराखण्ड आंदोलन में जो लोग शहीद हुए थे, उनके लिए स्मारक बनाने कर निर्णय लिया। शहीद स्मारक बनाने के लिए ठा० सुन्दर सिंह चौहान द्वारा पांच नाली जमीन बलिदान बिग्रेड को दान स्वरूप देने की घोषणा की थी। बैठक में 11 सदस्यीय कमेठी का गठन किया गया। जिसमें छः पदाधिकारी व पाच सदस्य चुने गए। जिसमें, चंद्रशेखर भट्ट को अध्यक्ष, सचिव राकेश नेगी, कोषाध्यक्ष पद पर सुंदर सिंह चौहान को नियुक्त किया गया। वही, उपाध्यक्ष पद पर प्रताप सिंह नेगी, प्रचार प्रसार पद पर सुरेंद्र सिंह राणा, उप सचिव पद पर विमल सिंह रावत व उप कोषाध्यक्ष पद पर माया देवी, प्रचार व सलाहकार पद पर रेखा नेगी व सदस्यों के रूप में राजकमल नेगी, विजेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, भरत सिंह रावत व त्रिलोक सिंह नेगी को चुना गया। इस दौरान महिपाल सिंह, गंगा सिंह बिष्ट, भरत सिंह रावत, सोनिया बिष्ट, प्रताप सिंह नेगी, प्रेम सिंह रावत, डबल सिंह मियां, मनीष खुगशाल आदि मौजूद रहे।



सतपुली में आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य ।

## साइबर ठग से वापस दिलवाई रकम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** साइबर सेल ने ऑन लाइन ठगी का शिकार हुए चार लोगों के खाते में 98,897 रु. की धनराशि वापस कराई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल, श्वेता चौबे की साइबर फ्राड सम्बन्धी किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के आदेश के क्रम में अपर पुलिसअधीक्षक शेखर चन्द सुयाल व पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन विभव सैनी के नेतृत्व में साइबर सेल द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए चार लोगों के खाते में ठगी की रकम वापस कराई गई।अभियान के अंतर्गत गंगा सिंह गुंसाई, निवासी–ग्राम काण्डई, पौडी गढवाल के क्रैडिट कार्ड से निकाली गई 58,500 रु. की ऑनलाइन ठगी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक के खाते में 43,099 की धनराशि वापस कराई गई। काशीरामपुर तल्ला निवासी अनिल कुमार डोबरियाल, निवासी–काशीरामपुर तल्ला के खाते से निकाली गई 16,473 रु. की धनराशि, अनीता देवी निवासी दुर्गापुर के खाते से निकाली गई 9,325 रू. की धनराशि व प्रवीण सिंह राणा, निवासी–ग्राम अमकोट के खाते से निकाली गई 30,000 रु. की ऑनलाइन ठगी की राशि को आवेदिका के खाते में वापस करायी गयी। वहीं साइबर सेल की ओर से आम जन को आनलाइन ठगी से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

# अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** कोटद्वार पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान नजीबाबाद रोड कौड़िया दानमीन गली निवासी विनोद कुमार संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया।

बताया कि तलाशी के दौरान विनोद के थैले से 56 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद हो गए। वहीं, मवाकोट क्षेत्र में चौहान मार्केट निवासी भृगु प्रसाद को भी 56 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# पॉकेट पार्किंग की जगह बड़ी पार्किंग को प्राथमिकता दें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जनपद के नगर निकायों व कस्बों के अन्तर्गत पार्किंग परियोजनाओं को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में निकायों के अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को छोटे-छोटे पॉकेट पार्किंग की जगह बड़ी पार्किंग के प्रस्ताव तैयार करने को कहा। डीएम ने कहा कि पॉकेट पार्किंग की जगह बड़ी पार्किंग को प्राथमिकता देते हुए प्रस्ताव तैयार करें, ताकि वर्तमान व भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार इनका निर्माण हो सके।

शुक्रवार को अयोजित जनपद में पार्किंग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बड़ी पार्किंग हेतु यदि सरकारी भूमि प्रयाप्त नहीं हो पा रही है तो निजी भूमि को क्रय किये जाने पर विचार करें। उन्होंने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बजट के अभाव में रुके निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए तत्काल बजट की डिमांड करें। शासन स्तर पर लम्बित पार्किंग की डीपीआर को निरंतर फॉलोअप करते रहे। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत निर्मित होने वाली 6 पार्किंगों में कैंट क्षेत्र लैंसडौन हेतु 1 करोड़ 91 लाख के सापेक्ष 76 लाख रूपये की धनराशि निर्गत की जा चुकी है। कैंट द्वारा एनओसी नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। श्रीनगर में 4 करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन पार्किंग का लगभग 4 करोड़ की लागत से 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। कोटद्वार में 83 लाख रूपये की लागत से बनने वाली पार्किंग हेतु निर्माणदयी संस्था को 33 लाख रुपये अवमुक्त किया गया है। निर्माणदायी संस्था द्वारा कार्य शुरू करवा दिया गया है। पैठाणी टैक्सी पार्किंग का 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है, जबकि चौबट्टाखाल व नीलकंठ में पार्किंग सम्बन्धी प्रकरण शसन स्तर पर प्रेषित किये गये हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्भय सिंह, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीसी के मध्यम से उपस्थित थे।




डीएम डॉ. आशीष चौहान पार्किंग परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए।

# सर्दी के मौसम में भी पानी के लिए तरस रहे मंडलसेरा के लोग



बागेश्वर : मंडलसेरा पुराने सीएमओ कार्यालय और जिले के विभिन्न जगहों में इन दिनों पानी की समस्याओं से उपभोक्ता त्रस्त हैं। उपभोक्ताओं को पानी पीने के लिए कई किमी. दूर जाना पड़ रहा है। मंडलसेरा के ग्रामीण पुष्पा नेगी, राजेंद्र नेगी, दीपा मेहता, हरीश रावत ने बताया कि पिछले चार-पांच सालों से मंडलसेरा के लोग लंबे समय से पानी के लिए तरस रहे हैं।

कहा कि क्षेत्र में निरंतर आबादी बढ़ने से आए दिन पानी के संयोजन बढ़ रहे हैं, परंतु सरकार द्वारा योजना का निर्माण नहीं किया जा रहा है। इससे पानी की किल्लत बढ़ते जा रही है और अधिकांश परिवारों के यहां पानी की नहीं आ रहा है। कहा कि इस संबंध में कई बार जलसंस्थान को बताने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कहा कि विभाग द्वारा पानी की किल्लत के चलते उपभोक्ताओं को पानी हर तीसरे चौथे दिन दे रहे हैं और बहुत ही कम मात्रा में पानी आ रहा है और रात में पानी आ रहा है ठंड में पानी भरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । कहा कि पानी की कमी के चलते लोग कई किमी दूर से पानी ढोकर अपनी आवश्यकता पूरी कर रहे हैं।

उन्होंने क्षेत्र में पानी की किल्लत दूर किए जाने के लिए योजना बनाए जाने की मांग की है। इधर जल संस्थान के ईई सीएस देवड़ी ने बताया कि संकटग्रस्त क्षेत्र में टैंकरों से पानी भिजवाया जा रहा है। (एजेंसी)

## बाल मेले प्रतिभा को निखारने का बेहतर मंच : डीएम

बागेश्वर : जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि बाल मेले बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक बेहतर मंच है। जिससे बच्चों की प्रतिभा तो निखरती ही है साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह बात उन्होंने कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक बाल मेले के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही।

कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल में बाल मेला रंगारंग सांस्कृतिक एवं पहाड़ी व्यंजन प्रतियोगित के साथ संपन्न हो गई। बाल मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीटीए अध्यक्ष कैलाश अंडोला व संचालन रेनू व महेश पांडेय ने किया।

# नेशनल जम्बूरी में बागेश्वर के 32 बच्चे और सात शिक्षक करेगें प्रतिभाग

बागेश्वर : राजस्थान के जोधपुर में होने वाली नेशनल जम्बूरी में भाग लेने के लिए जनपद के 32 स्काउट गाइड और सात स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन 31 शनिवार को बागेश्वर से जोधपुर को रवाना होंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना करेंगे। स्काउट के जिला सचिव लक्ष्मण कोरंगा के नेतृत्व में स्काउट दल जोधपुर में उत्तराखंड की संस्कृति, खान पान, लोक कला, बोली भाषा तथा बागेश्वर की विशिष्ट इतिहास तथा भूगोल पर प्रस्तुति देगा। दल में राजकीय बालिका इंटर कालेज पाये, इंटर कालेज बागेश्वर, गरुड़, मैगड़ीस्टेट, अमस्यारी, तिलसारी, सलानी, चौरासी, हाईस्कूल पन्त क्वैराली, बहुली, लेटी और जूनियर भिटारकोट के 32 स्काउट गाइड शामिल हैं। स्काउट के जिला संगठन आयुक्त राजेंद्र पूना, प्रशिक्षण आयुक्त भुवन डसीला, राज्य प्रतिनिधि मंजू बिष्ट, गाइड कैप्टन चंपा कोरंगा, जिला कोषाध्यक्ष नीरज पंत और स्काउट मास्टर विपिन कर्नाटक के दिशा निर्देश में बच्चे अपनी प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि भारत स्काउट गाइड द्वारा हर पांच साल में नेशनल जम्बूरी आयोजित की जाती है जिसमें देश भर के स्काउट गाइड को भाग लेने का मौका मिलता है। तीन जनवरी से दस जनवरी 2023 तक आयोजित होने वाली जंबूरी का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा। (एजेंसी)

## भाजपाइयों ने पीएम की माता के निधन पर जताया शोक

बागेश्वर : बागेश्वर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं समेत विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। इधर भाजपा ने अपने कार्यक्रम स्थगित कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन का समाचार सुनते ही भाजपाइयों ने शोक सभा की। भाजपा गरुड़ कार्यालय में आयोजित शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने शोक सभा करके मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, जिला प्रभारी वीरेंद्र सिंह बल्दिया, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, हरीश रावत, जगदीश चंद्र, गोपाल किरमोलिया, हरीश रावत, कै. रमेश जोशी, रमेश कैड़ा, चंदू थायत, दयाल काला आदि उपस्थित थे।

# राज्य आंदोलनकारियों की सूची जारी न होने पर जताया रोष

पिथौरागढ़ : वंचित राज्य आंदोलनकारी समिति ने एक साल बाद भी शासन स्तर से आंदोलनकारियों की सूची जारी न होने पर आक्रोश जताया है। उन्होंने प्रशासन पर वादखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर कब उन्हें उनका हक मिलेगा। वंचित राज्य आंदोलनकारी प्रकोष्ठ के केंद्रीय प्रवक्ता किशोर पाठक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने डीएम रीना जोशी से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन के दौरान उन्होंने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लेकिन अलग राज्य के 22 साल बाद भी उन्हें आंदोलनकारी का दर्जा नहीं मिला है। बीते वर्ष तीन माह तक उन्होंने आंदोलन भी किया। तब प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि जल्द ही छूटे आंदोलनकारियों की सूची जारी की जाएगी। इसके लिए आवेदन भी मांगें गए, लेकिन अब तक सूची जारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही सूची जारी नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। डीएम जोशी ने उन्हें शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यहां पूर्व सभासद राजेंद्र जंग, पूर्व सरपंच सुभाष तिवारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सरपंच बनें पूरन

अल्मोड़ा : स्याल्दे के ग्राम पंचायत भरसोली में शुक्रवार को वन पंचायत के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गये हैं। राजस्व उप निरीक्षक गिरीश कुमार की देखरेख में संपन्न चुनाव में पूरन चंद्र भिरकनी सरपंच चुने गये। वन पंचायत सदस्य के रूप में गोविंद सिंह, और रेखा देवी चुनी गईं।

## सहकारिता सचिव ने क्रय विक्रय केंद्र का किया शुभारंभ

चम्पावत : हनुमान मंदिर मार्ग में सीएम घसियारी योजना के अंतर्गत क्रय विक्रय केन्द्र का शुभारंभ हो गया है। केन्द्र में पुशपालकों के लिए साइलेज आदि बिक्री की जा रही है। कृषि, ग्राम्य और सहकारिता सचिव बीबीआरसी पुरुषोत्तम ने साइलेज बिक्री केन्द्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि पशुपालकों को केन्द्र का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहिए। समिति के सचिव मनोहर दत्त सती ने बताया कि पशुपालकों को अपने जानवरों को नियमित रुप से खाने के साथ साइलेज को मिलाना चाहिए। जिससे दूध की मात्रा में वृद्धि होगी। इस मौके पर जिला सहायक निबंधक पानसिंह राणा, महेश बोहरा, आएस रावत, बलवंत गिरी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# धान का भुगतान न मिलने से किसान परेशान



काशीपुर। धान का भुगतान न मिलने से किसान परेशान है। भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम से मुलाकात कर भुगतान दिलाने की मांग की है। एसडीएम ने किसानों से 6 आर मांग कर भुगतान कराने का भरोसा दिलाया है। बीते दिनों हुई धान खरीद में कुछ किसानों को अभी तक भी भुगतान नहीं हो पाया है। जिस कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहरा रहा है। उन्होंने भाकियू के समक्ष अपनी परेशानी रखी। इस पर भाकियू ने एसडीएम सीमा विश्वकर्मा को किसानों की परेशानी से अवगत कराया। एसडीएम ने किसानों से मंडी समिति की 6आर मांगी है। भाकियू युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने बताया कि एसडीएम से बात करने के बाद किसानों को 6आर जमा कराने को कहा है। यहां प्रेम सहोता, शीतल सिंह, जगीर सिंह, सुशील कुमार आदि रहे।

# कर्मचारियों ने निजीकरण का विरोध किया, सीएम को भेजा ज्ञापन

चम्पावत : रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने परिवहन निगम के निजीकरण का विरोध किया है। कर्मचारियों ने कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम धामी को ज्ञापन भेजा है। शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मलिक के नेतृत्व में कर्मचारियों ने टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर कहा कि मुख्यालय के आदेशानुसार राज्य के पर्वतीय मार्गों पर निजी वाहन स्वामियों को डीजल बसों के अनुबंध के लिए निविदा जारी की जा रही है। साथ ही विभागीय अधिकृत मार्गों पर पूर्ण रूप से प्राइवेट बसों के संचालन की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा मुख्यालय ने निगम में अनिवार्य सेवानिवृति के बाद रिक्त होने वाले पदों पर उपनल, पीआरडी से जवानों की नियुक्ति के आदेश भी दिए हैं। इसके अलावा मृतक आश्रितों को निगम में नियुक्ति दिए जाने संबंधी आदि मांग की गई हैं। इससे स्पष्ट होता है कि निगम को निजीकरण की ओर ले जाया जा रहा है। इस अवसर पर विनोद नौटियाल, रेवाधर चौड़ाकोटी, पंकज, नानू राम, दिनेश भट्ट, भरत पाठक, भूपाल सिंह, कमलेश शर्मा, संदीप खर्कवाल, गंगा राम आदि रहे। (एजेंसी)

# पुलिस ने पयर्टक स्थलों की चौकसी बढ़ाई



अल्मोड़ा : थर्टी फर्स्ट और नव वर्ष के जश्न से पहले पुलिस ने अल्मोड़ा जिले के पर्यटन स्थलों पर चौकसी बढ़ा दी है। जिले के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। वहीं जिले के प्रवेश द्वारों पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश जारी किये हैं। एसएसपी ने सभी से शांति व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने सीओ और जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को थर्टी फर्स्ट व नये साल में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत पुलिस लगातार होटल, ढाबों, रिजॉर्ट आदि में चेकिंग के साथ अराजक तत्वों, हुड़दंगियों पर भी कार्रवाई भी कर रही है। इधर, एसएसपी ने पुलिस टीम को होटलों आवासीय भवनों के मालिकों के साथ समन्वय स्थापित करने और होटलों की निरंतर जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही थर्टी फर्स्ट और नये साल के जश्न में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और ऐसे लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। (एजेंसी)

## शैक्षिक नवाचार कार्यशाला सम्पन्न

अल्मोड़ा : राजकीय इंटर कॉलेज नाई में शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम के तहत ह्वाडिजिटल उपयोग से छात्रों की अधिगम प्रक्रिया में वृद्धिह्न विषय पर कार्यशाला हुई। इसमें ताकुला ब्लॉक के सभी विद्यालयों को आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता प्रो. रविंद्र नाथ पाठक, प्रधानाचार्य अनिल कटेरिया, गणेश सिंह नयाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्री राम विद्या मंदिर इंटर कालेज नरेंद्र पंत, अध्यापक मनोज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, तीन घंटे तक फंसे यात्री



पिथौरागढ़ : सानदेव-तुरगोली सड़क के सात माह बाद भी न खुलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम किया। इससे मुख्य मार्ग में आवाजाही ठप हो गई। सड़क के दोनों तरफ वाहनों में सैकड़ों यात्री तीन घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। बाद में मौके पर पहुंचे पीएमजीएसवाई अधिकारी के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीण सड़क से उठे। तब कहीं जाकर यातायात बहाल हुआ। शुक्रवार को कांग्रेस पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र बोरा के नेतृत्व में रानीखेत और तुरगोली के ग्रामीण बुड़काफल स्थित पीएमजीएसवाई कार्यालय के समीप एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और बाद में बीच सड़क में ही धरने में बैठ गए। उन्होंने कहा कि सानदेव-तुरगोली सड़क में सात माह से आवाजाही ठप है। ग्रामीण लंबे समय से विभाग में पत्राचार कर रहे हैं। सड़क खोलने को लेकर लगातार वे विभाग को ज्ञापन दे रहे हैं। बावजूद विभाग कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रहा है। इससे ग्रामीणों को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के चक्काजाम से मार्ग में आवाजाही कर रहे दर्जनों वाहन भी फंस गए। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक प्रशासन उनकी मांग को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाता, वे सड़क से नहीं हटेंगे। सूचना पाकर पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता डीएस बांगड़ी मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें जमकर खरी खोटी भी सुनाई। बाद में बांगड़ी ने सात दिन के भीतर सड़क में आवाजाही सुचारू करने का लिखित आश्वासन दिया। तब ग्रामीण शांत हुए और मार्ग में आवाजाही सामान्य हुई। (एजेंसी)

# स्वरोजगार से पलायन पर लगेगी रोक

बागेश्वर : दुलम गांव में 10 दिवसीय डेयरी एवं वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख गोविंद दानू ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार का लक्ष्य महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने का है। आरसेटी के तहत यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दानू ने कहा कि गांव में स्वरोजगार होगा। पलायन पर रोक लगेगी। ग्रामीण प्रशिक्षित होंगे तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। दुग्ध डेयरी, मशरूम, मौन पालन, मत्स्य पालन, जड़ीबूटी, फल, फूल, सब्जी और पालीहाउस आदि के लिए 80 प्रतिशत अनुदान सरकार दे रही है। स्वयं सहायता समूहों और किसानों को अलग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कपकोट में जैविक खेती को स्वरोजगार के रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है। आरसेटी के निदेशक दिनेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद किसानों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। वह सरकार से मिलने वाले अनुदान का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान हरपाल कोरंगा समेत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित थीं। (एजेंसी)

## मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी : मुखानी पुलिस ने बिजली चोरी के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक उपखंड अधिकारी नीरज चंद्र पांडेय की ओर से मिली तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार को टीम गौलापार क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया।

# किसानों की आय दोगुना करने के हर संभव प्रयास करेगें : सचिव

चम्पावत : ग्राम्य सचिव बीआर पुरुषोत्तम ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने के हर संभव प्रयाए किए जाएंगे। पांच दिनी भ्रमण के दौरान सचिव जिले के अलग-अलग गांवों के किसानों की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्राम्य, कृषि, कृषक कल्याण, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य, डेयरी के सचिव बीआर पुरुषोत्तम के पांच दिनी जनपद भ्रमण का समापन हुआ। पांच दिन के दौरान सचिव ने चम्पावत के नर्सरी, चाय बागान, शीत जल मत्स्यकी, बाजरीकोट, पशु प्रजनन केंद्र नरियालगांव, बिस्ज्यूला, लोहाघाट के लौह उद्योग, किमतोली, पंचेश्वर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चाय बागान से पर्यटकों को जोड़ने, टी-प्लांटेशन के लिए लोगों को जागरुक करने, मत्स्य पालन के लिए प्रेरित करने, उद्यान विभाग की नर्सरी को विकसित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की आय दोगुना करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कहा कि फील्ड भ्रमण के दौरान उन्होंने किसानों व अन्य लोगों की समस्याओं को सुना है। बताया कि शीघ्र ही लोगों की समस्याओं के समाधान करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। (एजेंसी)

## आगामी शिक्षण सत्र को लेकर चर्चा की

पिथौरागढ़ : जनपद के निजी स्कूल प्रबंधकों ने वर्चुअल बैठक की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डीपी जोशी की अध्यक्षता में बीते रोज वर्चुअल बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न विषयों और आगामी शिक्षण सत्र को लेकर चर्चा की गई। सचिव नवीन चंद्र कोठारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक जुकरिया के समक्ष विभिन्न समस्याओं को रखा। उन्होंने सभी विद्यालयों से समय पर ऑनलाइन प्रपत्र को पूरा करने को कहा है। कोठारी ने कहा कि आगामी फरवरी माह से ऑफलाइन बैठक की जाएगी।

## पुलिस ने आरोपियों को दिया नोटिस

पिथौरागढ़ : नगर के एलएसएम पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के दौरान अराजकता करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने नोटिस तामिल किया है। पुलिस के मुताबिक बीते 23 दिसंबर को पौण निवासी सागर वल्दिया ने कोतवाली में तहरीर दी। सागर ने रितिक देव, मुकुल लुण्ठी, अनुज चन्द, राजा देव, और सचिन भण्डारी पर स्वयं और भाई दीपक वल्दिया के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू की। विवेचक एसआई हीरा सिंह डांगी ने आरोपियों को कोतवाली बुलाकर धारा 41(क) सीआरपीसी के तहत नोटिस तामील कर न्यायालय के समक्ष पेश होने को कहा है। (एजेंसी)

# संगठन और पार्टी की मजबूती के लिए करेगें काम

अल्मोड़ा : भाजपा की रानीखेत जनपद कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति के बाद जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट ने कार्यकारिणी की घोषणा की। 17 सदस्यीय कार्यकारिणी में प्रमोद रावत, सुरेंद्र संगेला, सुभाष बिष्ट, देवीदत्त शर्मा, ध्यान सिंह व विमल भट्ट जिला उपाध्यक्ष, विनोद भट्ट व पूरन रजवार महामंत्री, प्रमोद जोशी, दीप्ति बिष्ट, निर्मला आर्य, विक्रम बिष्ट, सुभाष व हरीश कोटिया मंत्री, चंदन भगत कार्यालय मंत्री और अश्विनी भगत जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किए गए हैं। जिलाध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि टीम दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन और पार्टी की मजबूती की दिशा में कार्य करेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं हैं। (एजेंसी)

## युवती ने बिजनेस पार्टनर पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

हल्द्वानी : एक युवती ने देवलचौड़ के एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और दो बार गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक युवती ने बताया कि आरोपी आशीष पांडे शादीशुदा है।

# प्रशासन की छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप



बागेश्वर : सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर दुकानों पर छापेमारी की गई। प्लास्टिक की सामग्री जब्त की गई। दुकानदारों पर पांच-पांच सौ रुपये का अर्थदंड वसूला गया। जिससे दुकानदारों में दिन भर हड़कंप मचा रहा। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मोनिका के नेतृत्व में राजस्व, जिला पंचायत और पुलिस की टीमों ने कांडा क्षेत्र की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

छापेमारी टीम कांडा, अन्नपूर्णा, विजयपुर, सानीउडियार, सिमकूना, धपोलासेरा आदि बाजारों में पहुंची। दुकानदार गोकुलानंद पांडे के पास 100 ग्राम प्लास्टिक ग्लास, दीपक सिंह धामी से 400 ग्राम प्लास्टिक गिलास और थाली, चम्मच एवं कटोरी, दयाल सिंह के पास 800 ग्राम प्लास्टिक बैग, राम प्रसाद के पास 100 ग्राम प्लास्टिक बैग और दीपक सिंह भंडारी के पास 700 ग्राम थर्माकोल थाली, संतोष भंडारी से 900 ग्राम थर्माकोल थाली, गिलास, चम्मच और बैग जब्त किए। एसडीएम ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है।

जिसके लिए लगातार व्यापारियों को जागरूक किया जा रहा है। बावजूद वह उपयोग कर रहे हैं। दुकानदारों से पांच-पांच सौ रुपये का अर्थदंड वसूला गया। (एजेंसी)

## पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की

अल्मोड़ा : उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की मंडल कार्यकारणी की बैठक शुक्रवार को अल्मोड़ा में आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समस्याओं के निराकरण को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। इस मौके पर वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाल करने, सभी विभागों में एसीपी का लाभ 10, 20, 26 वर्ष में देने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी कर्मचारियों ने दी। इसके अलावा निर्माण कार्यो में प्रशासनिक और राजनैतिक हस्तक्षेप को भी बंद करने की मांग की गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष एसएस डंगवाल और संचालन मंडल सचिव ललित मोहन शर्मा ने किया। इस मौके पर वीसी जोशी, मनोज, ऋषभ शाह, भावना पंत, जीवन जोशी, आरएस मेहरा, मनमोहन ऐरी, यशपाल सिंह, गणेश रौतेला, जीएस मनराल, प्रफुल्ल जोशी, प्रदीप सिंह, आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सरकार देवभूमि को शराबी प्रदेश बनाने में जुटी

अल्मोड़ा : नए साल पर चार दिन तक शराब की दुकानों को 24 घंटे खोलने के सरकार के निर्णय को कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू भोज ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। बयान जारी कर सरकार के इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से साफ पता चल रहा है कि वो खुले तौर पर शराब परोसने का काम करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसले से अराजकता बढ़ेगी। कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड को शराबी प्रदेश बनाने की कोशिश में जुटी है। (एजेंसी)

# मुनानी ने यंग पालपुर को हराकर जीता उद्घाटन मुकाबला



अल्मोड़ा : स्याल्दे में उत्तराखंड शहीद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। शुक्रवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनूप रावत और गोविंद बल्लभ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला खेला गया, जिसमें मुनानी की टीम ने बाजी मारी।

ग्राम पंचायत पालपुर के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला मुनानी और यंग पालपुर के मध्य खेला गया। रोचक मुकाबले में मुनानी ने यंग पालपुर को परास्त कर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इस मौके पर प्रधान बबीता कत्यूरा, इंद्र कत्यूरा, सुंदर नेगी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, जगत राम, विजय नेगी, मनोहर सिंह, तुलसी देवी, सावित्री देवी, हेमा नेगी, राधा देवी, पुष्कर नेगी, मोहन चंद्र, चंदन मनराल, दीपांशु चतुर्वेदी, विजय कुमार, हिम्मत सिंह, नंदन सिंह, मोहन सिंह बसनाल, मनोज लखेड़ा समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं


चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

यन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विभाग के तत्वाधान में शनिवार को विकासखंड एकेश्वर के ग्राम पंचायत कुरख्याल में ''सरकार जनता के द्वार'' कार्यक्रम के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, कृषि, उद्यान, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, एसएचजी, पशुपालन, उज्जवला, राशन वितरण, मनरेगा आदि विभाग की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर सुनवाई की गई।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने ने कहा कि गांव में चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम वासियों का मुख्य व्यवसाय खेती करना है, लेकिन जंगली जानवरों और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को बर्बाद किया जा रहा है। इस दौरान गांव में 5 स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 30 महिलाओं ने उन्हें प्रशिक्षण दिए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि चालू वर्ष में 5 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्वीकृत हुए हैं, लेकिन अभी तक कार्य आरंभ नहीं हुए हैं। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने गांव में प्रधानमंत्री आवास का स्थलीय सत्यापन भी किया, जिसमें गत वर्ष के एक पूर्ण आवास व एक अंतिम चरण में निर्माणाधीन है। चौपाल में अपर सांख्यकीय अधिकारी राजेन्द्र कुमार, पर्यवेक्षक आईसीडीएस शारदा रानी, ग्राम प्रधान अनिल कुमार सहित अजीत चंदेल, अन्वेषक, शिवानी चौधरी, एडीओ कृषि, डीपीओ मनरेगा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पशुपालन विभाग, शिक्षा आदि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शोध सहायक की नियुक्त से भड़के जय हो के कार्यकर्ता, फूंका पुतला

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के चौरास परिसर में संचालित हो रहे एमबीए पर्यटन विभाग में आईसीएसएसआर से प्राप्त प्रोजेक्ट में शोध सहायक के पद पर हुई नियुक्ति के विरोध में जय हो छात्र संगठन से जुड़े छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने विभाग के प्रोफेसर का पुतला भी दहन किया। पुतला दहन व प्रदर्शन के दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित रावत ने कहा कि प्रोफेसर ने प्रोजेक्ट में अपनी ही पत्नी को शोध सहायक के पद पर नियुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि उक्त नियुक्ति में भारी अनियमितताएं हुई हैं। कहा प्रोजेक्ट में शोध सहायक के पद पर जिनकी नियुक्ति हुई है वह नियुक्ति के दौरान नगर क्षेत्र के एक बड़े स्कूल में भी अपनी सेवाएं देती रही। कहा इस संदर्भ में विवि की कुलपति को भी अवगत कराया गया है।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया मेरिट आधारित पदोन्नति का विरोध

## वरिष्ठता के आधार पर हो शत प्रतिशत पदोन्नतियां

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मेरिट आधारित पदोन्नतियों का राजकीय शिक्षक संघ ने विरोध किया है। शुक्रवार को पौड़ी जिले के शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर काम कर इन पदोन्नतियों को विरोध किया। संघ ने मांग की है कि शत प्रतिशत वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नतियां हो। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक यह मांग पूरी नहीं होती है तब तक चरणबद्ध आंदोलन को जारी रखा जाएगा। यदि जरूरत पड़ी तो शिक्षक धरना देकर प्रदर्शन करेंगे।

शुक्रवार को राजकीय शिक्षक संघ की जनपद शाखा पौड़ी के आह्वान पर पौड़ी में शिक्षकों ने सभी स्कूलों में बांह पर काली पट्टी बांधकर मेरिट (परीक्षा) आधारित पदोन्नति का विरोध किया है। राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री बिजेंद्र बिष्ट ने कहा कि पदोन्नतियां शत प्रतिशत वरिष्ठता आधारित होनी चाहिए। एक ही पद पर शिक्षक कई सालों से काम करके रिटायर हो जाते है, लेकिन उनकी पदोन्नति नहीं हो पाती हैं। जबकि अन्य महकमों में ऐसा नहीं है और नियुक्त कर्मचारी अपनी सेवा काल में कई पदोन्नति पा लेते हैं। लेकिन शिक्षा महकमे में जिस पद पर नियुक्ति होती है उसी पद पर शिक्षक रिटायर भी हो रहे हैं। राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के आधे पदों को मेरिट आधारित परीक्षा के जरिए भरा जाना उचित नहीं है। ऐसे में वरिष्ठ शिक्षकों को पदोन्नतियां नहीं मिल पाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि जब तक मेरिट (परीक्षा) आधारित के आधार पर पदोन्नतियां संबंधी कदम को वापस नहीं लिया जाता है तब तक संघ का आंदोलन जारी रखा जाएगा। इस मौके पर जयदीप रावत, बलराज गुंसाई, मनोज काला, मनमोहन चौहान, जगमोहन गुंसाई, देवेंद्र बिष्ट भाष्कर, रतन रावत आदि मौजूद रहे।

## नारायणबगड़ इलेवन ने जीता खिताब

चमोली : आदिबदरी तहसील के भलसों गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हो गया है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नारायणबगड़ और भलसों के बीच खेला गया। नारायणबगड़ ने निर्धारित 15 ओवर में 161 रनो का लक्ष्य भलसों को दिया। जिस पर भलसों 27 रनों से हार गई। प्रतियोगिता के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को आयोजकों की ओर से पुरस्कृत किया।

# नववर्ष पर कोटद्वार, श्रीनगर और लक्ष्मणझूला में डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नव वर्ष के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थानों पर पर्यटकों की आवाजाही को देखते हुए पौड़ी पुलिस ने यातायात प्लान बनाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने जिले के थाना कोटद्वार, श्रीनगर और लक्ष्मणझूला में पर्यटकों के अधिक संख्या में आने की संभावना के दृष्टिगत पूर्व से ही अतिरिक्त पार्किंग स्थलों, रुट डायवर्जन का यातायात प्लान बनाते हुए संबंधित अफसरों को इसी के अनुरूप कदम उठाने को कहा है। एसएसपी ने बताया कि चीला बैराज की तरफ से आने वाले पर्यटक जो लक्ष्मणझूला में ठहरेंगे उनके वाहनों को थाने के पास बनी पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। ऋषिकेश-श्रीनगर हाईवे से थाना क्षेत्र गढ्डूगाड़, रत्तापानी, मोहन चट्टी, नीलकण्ठ को जाने वाला ट्रैफिक गरुड़चट्टी से गंतव्य को भेजा जाएगा। कैम्प रिसोर्ट नीलकण्ठ की तरफ से वापसी आने वाले यातायात को गरुड़ चट्टी से बाहर भेज कर उनके गंतव्य को रवाना किया जाएगा।

एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि कोटद्वार शहर क्षेत्र में यातायात का अधिक दबाव होने पर नजीबाबाद कौड़िया की ओर से दुगड्डा एवं लैंसडौन की ओर जाने वाले वाहन बालासौड़ तिराहा से देवी मंदिर की तरफ डायवर्ट रहेंगे, जो घराट रोड़ व डिग्री कॉलेज रोड़ से होते हुए ही जा सकेंगे। पौड़ी मार्ग से आने वाले भारी वाहनों को बुद्धा पार्क से डिग्री कॉलेज वाली रोड की तरफ डायवर्ट किया गया है। श्रीनगर में सामान्य स्थिति में यातायात हाईवे से यथावत संचालित रहेगा। शहर में यातायात का दबाव अधिक होने पर देवप्रयाग की ओर से आने वाले बड़े वाहन एनआईटी के पास रोके जाएंगे। रुद्रप्रयाग की ओर से आने वाले भारी एवं बड़े वाहन श्रीकोट के पास रोक दिए जाएंगे। इन्हें यातायात सामान्य होने पर एक-एक करके छोड़ा जाएगा। शहर में यातायात दबाव अधिक होने पर छोटे वाहन पौड़ी चुंगी से वाया बुघानी रोड होते हुए चमधार कलियासौड़ से रुद्रप्रयाग को जा सकेंगे। साथ ही रुद्रप्रयाग की ओर से ऋषिकेश जाने वाले छोटे वाहन कलियासौड़ चमधार से बुघाणी रोड होते हुए पौड़ी चुंगी से जाएंगे। इसी प्रकार ऋषिकेश से रुद्रप्रयाग की ओर जाने वाले छोटे वाहनों को कीर्तिनगर पुल से डायवर्ट कर डैमपुल कॉलोनी से रुद्रप्रयाग की ओर भेजा जाएगा। इसी के साथ ही लक्ष्मणझूला में चीला बैराज की तरफ से आने वाला यातायात, जो गरुड़ चट्टी नीलकण्ठ क्षेत्र को जायेगा,उनको नीलकण्ठ रोड से बाईपास गंतव्य को भेजा जाएगा। चीला बैराज की तरफ से आने वाले पर्यटक जो रामझूला क्षेत्र में ठहरेंगे, उनके वाहनों को होटल मोक्षा व उसके पास बनी पार्किंग में पार्क कर यात्रियों को गंतव्य स्थानों की ओर भेजा जाएगा।

## 100 मी. दौड़ में जेसिका, 400 मी. दौड़ में अभिषेक ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय पॉलीटेक्निक श्रीनगर में संस्था स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्राविधिक शिक्षा उत्तराखंड के संयुक्त निदेशक डा.राजेश उपाध्याय एवं प्रधानाचार्य एसके वर्मा ने किया। इस मौके पर संस्थान की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

एनआईटी मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के पहले दिन बैडमिंटन, लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। बालिका वर्ग की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में जेसिका चौहान प्रथम, दिया द्वितीय एवं जाह्नवी तृतीय रही। बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में अभिषेक रावत, कमल सिंह व शुभम बर्तवाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# युवा महोत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा



युवा महोत्सव में लोकगीत की प्रस्तुति देते हुए महिलाएं।

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद स्तरीय युवा महोत्सव-2022 प्रेक्षागृह पौड़ी में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित हुआ। महोत्सव में जनपद के समस्त विकासखंड़ों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। महोत्सव में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवाओं ने न सिर्फ अपनी प्रतिभा दिखाई बल्कि एक दूसरे के कार्यक्रमों में सहयोगात्मक रवैया अपनाकर टीम भावना का भी परिचय दिया। युवा महोत्सव में सामूहिक नृत्य सहित कई विधाओं में युवाओं का प्रदर्शन देखने लायक था।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी ने महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर होना जरूरी है, जिससे उत्तराखंड की पहचान को अत्यधिक बढ़ावा मिल सकेगा।

कहा कि हमारी मातृ शक्ति हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहीं, जिससे अन्य लोगों को भी इस तरह के कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर बढ़ावा देना चाहिए। युवा महोत्सव के आयोजन से आगे बढ़ने के लिए युवाओं को बेहतर प्लेटफार्म मिलता है। युवा कल्याण अधिकारी कुशलानंद गैरोला ने कहा कि पूर्व में विकासखंड स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें लोकगीत, लोकनृत्य तथा एंकाकी प्रतियोगिता कराई गई। कहा कि ब्लाक स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों का चयन कर जनपद स्तरीय के लिए चयन किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर लोकगीत, लोकनृत्य व एंकाकी में बेहतर करने वाली एक-एक टीमों का राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चयन किया जाएगा, जो 4 से 6 जनवरी 2023 को देहरादून में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर बीओ भगवान गुसांई, निर्णायक की भूमिका में हिमानी भट्ट, मनोज रावत, प्रमेंद्र नेगी आदि शामिल थे। मंच संचालन आशोक पंवार ने किया।

## चौसठ पूजा विधि विधान के साथ सम्पन्न

चमोली : 14 वर्ष के बाद तुंगेश्वर के मां काली मंदिर में आयोजित चौसठ पूजा कार्यक्रम पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हो गया है। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में परगना बधाण, नंदाक सहित खनसर घाटी के मां नंदा एव काली भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मां नंदा और काली के दर्शन किए। चौसठ पूजा हेतु पिछले छः मास से अपने ननिहाल देवराड़ा में प्रवास कर रही मां नंदा के उत्सव डोली की गुरुवार को ही तुंगेश्वर पहुंचा दिया गया था। जहां रात्रि भर जागरण के कार्यक्रम आयोजित हुए। शुक्रवार सुबह से ही पूजा आदि के कार्यक्रम शुरू हुए। पूजा कार्यक्रम का मुहूर्त दोपहर एक बजकर बयालीस मिनट से शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। (एजेंसी)

# कोषागार की सुरक्षा में किसी प्रकार से कोई लापरवाही न बरतें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कोषागार का वार्षिक निरीक्षण कर डबल लॉक एवं कोषागार कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण कर किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि कोषागार में तैनात सुरक्षाकर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन सर्तकता एवं सावधानी करें। कोषागार की सुरक्षा में किसी प्रकार से कोई लापरवाही न बरती जाय।कोषागार के सभी पटलों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पटल सहायकों द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्हें निर्देश दिये है कि उनके द्वारा जो भी कार्य एवं देयकों का भुगतान किया जा रहा है, उस पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए तत्काल भुगतान करना सुनिश्चित करें, किसी भी देयक में अनावश्यक विलंब न किया जाय। उन्होने पेंशन से संबधित प्रकरणों पर शीर्ष प्राथमिकता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण काफी दिनों तक लम्बित न रखा जाय। उन्होंनें यह भी निर्देश दिये है कि कोषागार में सभी आलमारियों के नम्बरिंग करते हुए उनमें रखी गई पत्रावलियों का रजिस्टर तैयार करें, जिससे कि यह मालूम हो जाय कि किस आलमारी में कौन सी पत्रावलियां रखी गयी हैं। उन्होनें कहा कि पुराने पत्रावलियों के जो बस्ते बनाये गये हैं, उन पर भी वर्ष व विषय का अंकन कर चिट चस्पा किया जाय, जिससे बस्तों को ढुंढने में कोई परेशानी न हो व रखी गयी पत्रावलियों की सही जानकारी प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकरी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिये हैं कि कोषागार में सुरक्षा की दृष्टि से लगाये गये फायर उपकरणों को दुरस्थ रखें, फायर उपकरणों के सफल संचालन के लिए सुरक्षा हेतु तैनात किये गये सुरक्षाकार्मिकों को इस संबंध में उचित प्रशिक्षण दिया जाये, ताकि किसी आपात स्थिति में किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन न हो। उन्होनें कोषागार में साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरस्थ रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार बडोनी, सहायक कोषाधिकारी प्रेम चंद्र पाण्डे, मनोज मलेठा, मुकेश चंद्र चैधरी, लक्ष्मी रावत, लेखाकार आशीष गोस्वामी, सुबोध प्रकाश देवरानी, चंद्र मोहन विष्ट, अतुल कुमार शाह सहित अन्य अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मुरादाबाद मंडल में स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना और संचालन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की अंतिम तिथि/समय 23.01.2023 को 15:00 बजे तक है। बोलीकर्ता अपनी मूल/संशोधित बोलियां अंतिम तिथि और समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। सभी नियम और शर्ते उसमें निर्धारित हैं। सं.V-20/WVM/MB-DIV/22C दिनांक : 30.12.2022 3491/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सी & डब्लू), मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या एम–1–एएमसी–क्रेन–एमबी–22 के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 20.01.2023, 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के एआरटी/मुरादाबाद की 140 टन हाइड्रोलिक ब्रेकडाउन क्रेन के मुख्य इंजन नं0 एनटीए 855 एल (बी सी) आफ़ गौटबाल्ट की कॉम्प्रेहेंसिव एएमसी का कार्य तीन वर्षों के लिए। | | |
| निविदा टाइप | एकल निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनॉक एवं समय | 20.01.2023 15.00 बजे | टैंडरिंग सैक्शन | यांत्रिक (ओ&एफ) |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | रू 10,33,404.01 (इंक्लूसिव ऑफ़ आल टैक्सेज एंड चार्जेज एक्सक्लुडिंग जीएसटी | | |
| धरोहर राशि (रू.) | 20,700.00 | ऑफर की वैधता | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (रू.) | 2,000.00 | कार्य की अवधि | 36 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 06-01-2023 | कांट्रेक्ट टाइप | सर्विस |

नं. एम–1–एएमसी–क्रेन–एमबी–22 दिनांक : 29.12.2022 3483/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# तीन मंडल अध्यक्षों के लिए 14 कार्यकर्ताओं ने ठोकी दावेदारी

चमोली : गैरसैंण प्रखंड के तहत गैरसैंण नगर, गैरसैंण ग्रामीण एवं आदिबदरी प्रस्तावित विख के लिए शुक्रवार को मंथन हुआ। मौके पर 14 कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए दोवेदारी ठोकी है।

कर्णप्रयाग विस पर्यवेक्षक एवं पूर्व पौड़ी भाजपा जिअ अध्यक्ष संपत सिंह रावत ने आदिबदरी भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक एवं रायसुमारी की। बैठक में चांदपुरगढ़ी आदिबदरी मंडल अध्यक्ष के लिए नवीन बहुगुणा, नारायण नेगी, वीरेन्द्र प्रभु, विजय चमोला, अनिल रावत, प्रकाश बहुगुणा एवं पवन सिंह, गैरसैंण ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के लिए हीरा सिंह, राम सिंह, अमर सिंह एवं अवतार सिंह, नगर अध्यक्ष के लिए मंगल नारायण, पृथ्वी सिंह एवं राजे सिंह ने दावेदारी की है। पार्टी पर्यवेक्षक रावत को कहना था कि इनका पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को भेजा जा रहा है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगमोहन, जिला मंत्री विरेन्द्र टम्टा, कर्णप्रयाग पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र भंडारी, मंगल नारायण, रेवती बिष्ट, अमरा देवी, कस्तूरा देवी, गंगा पंवार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पीएम की माता के निधन पर जताया शोक

चमोली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर कर्णप्रयाग और गौचर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक सभा का आयोजन किया। कर्णप्रयाग में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, गणेश शाह, मनोरमा नैनवाल, चेतन मनोड़ी, कैलाश चंद्र, संपूर्णानंद डिमरी, सुभाष चमोली,ललित नैनवाल जबकि गौचर में रानीगढ़ मंडल के अध्यक्ष जयकृत बिष्ट, भगवती खंडूड़ी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## टैक्सी वाहनों में डस्टबिन रखने को कहा

चमोली : शुक्रवार को सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय कालेश्वर में आयोजित बैठक में सभी सार्वजनिक एवं टैक्सी वाहनों में डस्टबिन लगाने की बात कही गई। एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्रा ने वाहन चालकों, वाहन चालक संघ पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि कूड़ा निस्तारण के लिए यह एक जरूरी कदम है।

# यूथ कांग्रेस पार्टी की रीढ़ : विक्रम

नई टिहरी : यूथ कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि यूथ कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है, सभी को पार्टी की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करना होगा। शुक्रवार को संदीप कुमार के यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढाइजर से नई टिहरी बाजार तक रैली निकालकर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। सुमन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि किसी भी पार्टी और दल का यूथ रीढ़ होता है, ऊर्जा के साथ यूथ ही पार्टी को आगे बढ़ाता है और मजबूती प्रदान करता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप के नेतृत्व में पार्टी टिहरी में मजबूत होकर उभरेगी। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उनका वह पूरी निष्ठा के साथ पालन करेंगे। कहा कि यूथ कांग्रेस अभियान चलाकर नये युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगी। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष सूरज राणा, नरेन्द्र चंद रमोला, साब सिंह सजवाण, विजय गुनसोला, शहरध्यक्ष देवेन्द्र नौडियाल, शाक्ति जोशी, किशोर मंद्रवाल, मान सिंह रौतेला, विजयपाल रावत, सोबन सिंह नेगी, मुर्शरफ अली, खुशीलाल, मुतर्जा वेग, शशांक जोशी, नवीन सेमवाल, विवेक गुसाई, लखवीर चौहान, हिमांशु रावत, डॉ. प्रकाश आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## शीतलहर से बढ़ी ठंड

चमोली : आसमान में छाए हल्के बादलों ने यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गुरुवार को छाए बादल और शाम को हल्की बूंदा बांदी के साथ शुक्रवार सुबह बादल छंटने के बाद क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया। हालांकि शुक्रवार दोपहर बाद खिली धूप का लोगों ने आनंद लिया। (एजेंसी)

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

रुद्रप्रयाग : अटल उत्कृष्ट राइंका गुप्तकाशी का सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ।

एनएसएस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान संगठन ऊखीमठ सुभाष रावत ने राप्रावि देवर के प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी दिलवर सिंह कोटवाल ने बताया कि शिविर में 23 छात्र एवं 36 छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं।

कहा कि इस शिविर के माध्यम से नशा मुक्त उत्तराखंड, संस्कार युक्त उत्तराखंड एवं दहेज प्रथा पर नक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जन जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सुभाष रावत ने कहा कि शिविर के माध्यम से युवा पीढ़ी समाज की समस्याओं से परिचित होती है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रधान देवर लक्ष्मी चौहान, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्य सुबोध सेमवाल, दिगम्बर नेगी, कैलाश चन्द्र, सुभाष अन्थवाल, कुलदीप चौहान एवं विद्यालय के सभी शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., व ई.पी.एफ. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो ) दिनांक 19.01.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 18.01.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में। बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जी.एस.टी. अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 26/2022-23 | रू. 500/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम/द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तक बदलना का कार्य। | 27000.00 |
| 27/2022-23 | रू. 250/- | कस्यली अनुभाग के अन्तर्गत 11 केवी लाइन शिफ्ट किये जाने का कार्य। | 5000.00 |
| 28/2022-23 | रू. 100/- | दुगड्डा अनुभाग के अन्तर्गत 11 केवी लाइन शिफ्ट किये जाने का कार्य। | 5000.00 |
| 29/2022-23 | रू. 100/- | कोटद्वार टाउन अनुभाग के भवन निर्माण हेतु विद्युतीकरण का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक : 4070/विविखको/टी-6 दिनांक : 30.12.2022 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

सम्पादकीय

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा की अनदेखी

उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद मैं क्रिकेटर ऋष भ पंत सड़क दुर्घटना में गं भीर रूप से घायल हुए हैं हालांकि उनकी हालत अब खतरे से बाहर है लेकिन इस दुर्घटना ने अपने पीछे कई सवाल भी छोड़ दिए हैं। रुड़की के निकट गुरुकुल नारसन के जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई बताते हैं कि स्थानीय लोगों से अंधा मोड़ के नाम से जानते हैं और पहले भी यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अब सवाल ये उठता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के समय क्या इन सब बातों का ध्यान रखा जाता है किस प्रकार की दुर्घटना पर रोक लगाई जा सके। हमारे देश में जितने लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते हैं उतने विभिन्न बीमारियों से भी नहीं मरते। सड़क दुर्घटना को लेकर सरकार नीतियां बनाती हैं लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि सड़कों का स्वरूप इस प्रकार से तैयार किया जाए कि कम से कम दुर्घटनाएं घटित हो। खास तौर पर नेशनल हाईवे पर वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण लगाने की दिशा में अब सरकार को गं भीरता से सोचना होगा। भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य ऋष भ पंत भी अपनी बीएमडब्ल्यू कार में बेहद तेज गति में थे, इसी दौरान नींद की झपकी आने के कारण वह कार से अपना नियंत्रण खो बैठे और कार डिवाइडर से टकराते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत अब खतरे से बाहर है। सड़कों के निर्माण को लेकर सुरक्षा के जो मानक अपनाए जाने चाहिए कहीं ना कहीं उनकी अनदेखी हो रही है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में बने फ्लाईओवर भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है जहां आए दिन फ्लाईओवर के अनियोजित निर्माण के कारण दुर्घटनाएं होती आई है और कई लोगों की जान जा चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण विशेषज्ञों के सर्वे एवं पूरी तरह से नियोजन के बाद शुरू किए जाते हैं लेकिन बावजूद इसके कुछ कमियां ऐसी रह जाती है जो दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। खासतौर से ऐसे रिहायशी क्षेत्र जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं वहां सुरक्षा को अनदेखा नहीं किया जा सकता। राजमार्गों पर बने हुए कट अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। वाहन चालको की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर हेल्पलाइन नंबर भी लगाए गए हैं जहां दुर्घटना की स्थिति में तत्काल फोन कर मदद मांगी जा सकती है लेकिन ऋषभ पंत के मामले में यहां भी लापरवाही देखी गई और मदद करने वाले हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर के अनुसार बोर्ड पर लगे नंबर को डायल करने के बावजूद भी सहायता नहीं पहुंची। बाद में नारसन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मदद पहुंचाई एवं एंबुलेंस की मदद से ऋष भ पंत को अस्पताल भेजा गया। हेल्पलाइन नंबरों का उद्देश्य तत्काल सहायता पहुंचाने का होता है लेकिन यदि यह केवल शोपीस का कार्य करेंगे तो इनकी सार्थकता सवालों के घेरे में खड़ी होती हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियमित पुलिस की मोबाइल टीम भी होनी चाहिए ताकि ऐसी परिस्थितियों में तत्काल मदद पहुंचाई जा सके। किसी भी दुर्घटना में शुरुआती क्षण बेहद अहम होते हैं यदि इसी शुरुआती घंटों में मदद मिल जाए तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती है।। ष भ पंत इस मामले में भाग्यशाली रहे क्योंकि राहगीरों एवं पुलिस ने जिस तत्परता से कार्य किया उससे एक खिलाड़ी की जान बच सकी। इस दुर्घटना के बाद निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा के मानकों पर मंथन होना चाहिए और व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके।

# युवाओं पर है दारोमदार

**इंडोनेशिया की अध्यक्षता में संपन्न हुए जी 20 देशों के इस शिखर सम्मेलन के बाद अगले एक साल के लिए जी 20 देशों की अध्यक्षता भारत को सौंप दी गई। भारत वर्तमान में संसार का सबसे युवा देश है। इसलिए युआवों के लिए भारत की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। भारत इक्कसवीं सदी में दुनिया की महाशक्ति बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का चतुर्दिक विकास हो रहा है।**

**हर क्षेत्र में भारत की हो रही इस तरक्की के आधार देश के युवा हैं। ऐसे में जी 20 की अध्यक्षता मिलने के बाद यूथ 20 के युवाओं के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी भी भारत के पास है और भारत को मिले इस अवसर का निश्चित रूप से देश के युवाओं के विकास को दिशा देगा। यूथ 20 मंच के माध्यम से भारत के युवाओं के आकांक्षाओं को प्राथमिकता देना, उनके सशक्तिकरण की जरू**



**अनमोल सोवित**

दुनिया में युवाओं की आबादी कुल आबादी की लगभग 16 फीसद है। यानी विश्व में 8 अरब की आबादी में लगभग 125 करोड़ युवा हैं।

युवाओं की इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए उनके प्रतिनिधित्व की जरूरत महसूस की गई। इसी को ध्यान में रखते हुए जी 20 देशों के समूह ने 20 यानी युवाओं के एक अलग समूह की स्थापना की है। जी 20 देशों के युवाओं के इस समूह की भूमिका अति महवपूर्ण है। इनका योगदान न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवाओं को जोडने के क्षेत्र में है बल्कि इन युवाओं के रिसर्च और रिपोर्ट के आधार पर वैश्विक स्तर पर नीतियों का निर्धारण और क्रियान्वयन भी जी 20 के देशों के द्वारा किया जाता रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय युवा दिवस 2022 के अवसर पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा था श्आज दुनिया भारत को एक आशा की दृष्टि से, एक विश्वास की दृष्टि से देखती है क्योंकि भारत का जन भी युवा है, और भारत का मन भी युवा है। भारत अपने सामर्थ्य से भी युवा है, भारत अपने सपनों से भी युवा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत अपने चिंतन और अपनी चेतना से भी युवा है। भारत के युवाओं के पास बड़ी युवा आबादी के साथ- साथ लोकतांत्रिक मूल्य भी हैं। इसका लाभ अतुलनीय है।

युवाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महव को रेखांकित करने और आपसी जुड़ाव के महव को समझने की दिशा में 20 आज की तिथि में एक महवपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 20 न केवल युवाओं को जी 20 के सरकार के प्रमुखों के समक्ष अपने विचारों और दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अवसर देता है बल्कि यह युवाओं को कठिन बहुपक्षीय परामर्श में भी शामिल होने का मौका देता है। जी 20 शिखर सम्मेलनों के दौरान युवाओं को पर्याप्त अवसर देकर उनकी प्रतिभा और रणनीतिक एवं नेतृत्व कौशल को उभारने का प्रयास किया जाता है।

जी 20 देशों ने युवाओं के कार्य कौशल एवं उनके भीतर की प्रतिभा को उभारने एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके दृष्टिकोण और वैचारिकता को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से ही यूथ 20 का गठन किया है। इस युवा जुड़ाव समूह में प्रत्येक जी 20 देशों के युवाओं को समान प्रतिनिधित्व मिलता है।

जिसके तहत हर देश से 5 युवाओं को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया जाता है। विभिन्न देशों के युवा अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श कर एक समावेशी निर्णय पर पहुंचते हैं। तत्पश्चात अपने निर्णयों को एक रिपोर्ट के माध्यम से जी 20 के देशों के नेताओं के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। यूथ 20 के माध्यम से वैश्विक स्तर पर युवाओं को अपने राष्ट्र एवं पूरी दुनिया के भविष्य के प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता है। यूथ 20 के माध्यम से युवाओं से यह उम्मीद की जाती है कि वे अपने अनुभव और बुद्धिमता के द्वारा वैश्विक स्तर पर दायित्व की भावना को बढ़ावा देंगे। उनसे यह आशा होती है कि वे भविष्य के प्रति एक सकारात्मक जिम्मेदारी ग्रहण करेंगे ताकि उनके एक सुंदर और समावेशी भविष्य के निर्माण की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया जा सके। यूथ 20 के युवाओं को वैश्विक स्तर के सभी युवाओं की आवाज मानकर उनके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से बेहतर दुनिया की संकल्पना की जाती है। इंडोनेशिया में आयोजित जी 20 देशों के शिखर सम्मेलन में यूथ 20 के प्रतिनिधियों के द्वारा कई वैश्विक मुद्दों पर लंबा विचार विमर्श किया गया। युवाओं के इस समूह ने पर्यावरण, स्थिरता, शांति, सुरक्षा, समावेशन और इक्विटी के संबंध में युवाओं को दिशा दी है। युवाओं के इस अहम समूह ने वैश्विक नेताओं से सतत और रहने योग्य धरती, युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार, तकनीकी विकास एवं विविधता और समावेशिता पर नीतियां बनाने का आह्वान किया है।

इंडोनेशिया की अध्यक्षता में संपन्न हुए जी 20 देशों के इस शिखर सम्मेलन के बाद अगले एक साल के लिए जी 20 देशों की अध्यक्षता भारत को सौंप दी गई। भारत वर्तमान में संसार का सबसे युवा देश है। इसलिए युआवों के लिए भारत की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। भारत इक्कसवीं सदी में दुनिया की महाशक्ति बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का चतुर्दिक विकास हो रहा है।

हर क्षेत्र में भारत की हो रही इस तरक्की के आधार देश के युवा हैं। ऐसे में जी 20 की अध्यक्षता मिलने के बाद यूथ 20 के युवाओं के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी भी भारत के पास है और भारत को मिले इस अवसर का निश्चित रूप से देश के युवाओं के विकास को दिशा देगा। यूथ 20 मंच के माध्यम से भारत के युवाओं के आकांक्षाओं को प्राथमिकता देना, उनके सशक्तिकरण की जरूरत पर बल देना आवश्यक है।

भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान देने वाले, विश्व को नई राह दिखाने वाले स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा था श्उठो, जागो और तब तक नहीं रु को, जब तक कि लक्ष्य न प्राप्त हो जाए। स्वामी विवेकानंद जी के ये विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरक हैं। जी 20 के मंच के माध्यम से देश के युवाओं के पास एक अवसर आया है कि अपनी क्षमता, ज्ञान और बेहतर विश्व बनाने के संकल्प के साथ एक बार पुनरू विश्व का मार्गदर्शन करें।

# वाजपेयी बनाम मोदी की बहस

देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस और ऐसे विपक्षी नेता, जो किसी समय भाजपा के साथ रह हैं वे एक नई बहस बनवा रहे हैं। यह बहस है अटल बिहारी वाजपेयी बनाम नरेंद्र मोदी की। राहुल गांधी सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पर गए, जिसे लेकर भाजपा के नेता हतप्रभ हैं। उन्होंने सोचा नहीं था कि नेहरू-गांधी परिवार का कोई सदस्य कभी किसी भाजपा नेता को श्रद्धांजलि देने उसकी समाधि पर जाएगा। भाजपा अभी इसके मायने निकाल रही है और इसी बीच वाजपेयी का नाम लेकर नीतीश कुमार और यशवंत सिन्हा ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा।

यशवंत सिन्हा ने अंग्रेजी के एक अखबार में लेख कर लिख कर हर बात का ढिंढोरा पीटने की इस सरकार की नीति पर सवाल उठाया और वाजपेयी राज से तुलना की। वाजपेयी की सरकार में यशवंत सिन्हा वित्त और विदेश जैसे दो अहम मंत्रालयों के मंत्री रहे। उन्होंने जी-20 की अध्यक्षता को लेकर सरकार की ओर से मचाए जा रहे शोर पर कहा कि वे विदेश मंत्री रहते 1999 में जी-20 के अध्यक्ष बने थे और उसी समय विश्व बैंक की विकास समिति की अध्यक्षता भी भारत को मिली थी। लेकिन तब इसका कोई शोर नहीं मचाया गया था। उन्होंने लिखा है कि वाजपेयी की सरकार में सारे लोग चुपचाप विकास के काम करने में लगे रहते थे। अब काम कम हो रहा है और हल्ला ज्यादा मचाया जा रहा है।

> यशवंत सिन्हा ने अंग्रेजी के एक अखबार में लेख कर लिख कर हर बात का ढिंढोरा पीटने की इस सरकार की नीति पर सवाल उठाया और वाजपेयी राज से तुलना की। वाजपेयी की सरकार में यशवंत सिन्हा वित्त और विदेश जैसे दो अहम मंत्रालयों के मंत्री रहे। उन्होंने जी–20 की अध्यक्षता को लेकर सरकार की ओर से मचाए जा रहे शोर पर कहा कि वे विदेश मंत्री रहते 1999 में जी–20 के अध्यक्ष बने थे और उसी समय विश्व बैंक की विकास समिति की अध्यक्षता भी भारत को मिली थी। लेकिन तब इसका कोई शोर नहीं मचाया गया था। उन्होंने लिखा है कि वाजपेयी की सरकार में सारे लोग चुपचाप विकास के काम करने में लगे रहते थे। अब काम कम हो रहा है और हल्ला ज्यादा मचाया जा रहा है। इसी तरह 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनको बड़े लगाव और सम्मान के साथ याद किया और कहा कि वाजपेयी की सरकार के समय देश का बहुत तीव्र गति से विकास हुआ था।

इसी तरह 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनको बड़े लगाव और सम्मान के साथ याद किया और कहा कि वाजपेयी की सरकार के समय देश का बहुत तीव्र गति से विकास हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि वाजपेयी ने उनको तीन अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी और विकास परियोजनाओं के जितने भी प्रस्ताव उनकी ओर से प्रधानमंत्री को भेजे गए, सबको तुरंत मंजूरी दी गई। ध्यान रहे वाजपेयी की सरकार में नीतीश कुमार षि, सड़क परिवहन और रेल मंत्री रहे थे।

नीतीश ने बिहार के विकास में भी वाजपेयी के योगदान को याद किया। इतना ही नहीं भाजपा के भी एक बड़े नेता ने नीतीश का समर्थन करते हुए कहा कि बिहार के बाढ़ में एनटीपीसी की परियोजना लगानी हो या कोई और परियोजना हो वाजपेयी की सरकार में ज्यादा काम हुआ था। सो, यह एक नया विमर्श है। पता नहीं बहुत कोअर्डिनेटेड है या नहीं लेकिन यह नैरेटिव बदलने वाला विमर्श होगा।

ध्यान रहे प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के तमाम मंत्री दावा करते हैं कि जो 70 साल में नहीं हुआ वह अब हो रहा है। उस 70 साल में वाजपेयी सरकार के छह साल भी शामिल होते हैं। विपक्ष अब उन छह सालों का तुलना मोदी के आठ साल से बनवा रहा है और दावा कर रहा है कि वाजपेयी राज के छह साल में देश में विकास का ज्यादा काम हुआ था और दुनिया में भारत का नाम भी ज्यादा हुआ था।

# मिथक की मरीचिका



आज के भारत की बड़ी मुश्किल यही है कि यहां मिथक और आस्थाओं को वास्तविक इतिहास के रूप में ढूंढने की कोशिश हो रही है। इनके वस्तुगत प्रमाण ढूंढने की कोशिशें पर अब कोई प्रश्न भी नहीं पूछता।

भारत सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों से भी राम सेतु के होने के पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। वर्षों से राम सेतु के अस्तित्व पर चल रहे विवाद के बीच सरकार का यह बयान को बेहद महत्वपूर्ण है। आज के भारत की बड़ी मुश्किल यही है कि यहां मिथक और आस्थाओं को वास्तविक इतिहास के रूप में ढूंढने की कोशिश हो रही है। मनोगत बातों के लिए वस्तुगत प्रमाण ढूंढने और उसके आधार पर राजनीति की गोटियां खेलने की कोशिशें अब इतनी ठोस रूप ले चुकी हैं कि इन पर कोई प्रश्न भी नहीं पूछता। अगर पूटे भी तो बात कहीं आगे नहीं बढ़ती, क्योंकि उस पर विमर्श होने के बजाय प्रश्न पूछने वाले के इरादे और निष्ठाओं को संदिग्ध बनाने की कोशिश की जाती है। बहरहाल, बीते हफ्ते समाप्त हुए सत्र में एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्य सभा में कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच जहां राम सेतु के होने की बात की जाती है, वहां के सैटेलाइट चित्रों के आधार पर सटीक रूप से यह कह पाना मुश्किल है कि वहां किस तरह का ढांचा था। सिंह ने बताया कि इन चित्रों में उस इलाके में कुछ द्वीप और चूने के पत्थर के ढेर तो नजर आते हैं, लेकिन इन्हें सटीक रूप से किसी पुल के अवशेष नहीं कहा जा सकता।

सवाल यह पूछा गया था कि क्या सरकार भारत के प्राचीन इतिहास के वैज्ञानिक आकलन की कोई कोशिश कर रही है या नहीं। जवाब में सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार का अंतरिक्ष विभाग इन कोशिशों में लगा हुआ है। लेकिन राम सेतु के बारे में कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है। जबकि बिना प्रमाण मिले सालों तक सेतुसमुद्रम परियोजना पर काम आगे बढ़ाया गया। करोड़ों रुपयों के खर्च होने के बाद भारत सरकार ने अब इस परियोजना को बंद करने का फैसला किया है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना पर अभी तक कम से कम 800 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इस धन का हिसाब-किताब कौन देगा? वैसे सवाल चूंकि आस्था का है, इसलिए ऐसे प्रश्न पूछना भी आज जोखिम भरा हो सकता है।

# ध्यान खींच रहे मोटे अनाज

**रवि शंकर**

वर्तमान समय में देश-दुनिया में मोटे अनाजों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकारी विज्ञापनों से लेकर संसद के मेन्यू तक हर जगह इनका जिक्र किया जा रहा है।

लोगों से अपने आहार में मोटे अनाजों को शामिल करने की अपील की जा रही है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को मिलेट अर्थात मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है। बताते चलें कि इसका प्रस्ताव भारत ने ही रखा था और 72 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। मोटे अनाजों के बारे में कहा जाता है कि इनकी फसलें प्रतिकूल मौसम को झेल सकती हैं। इन्हें ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। भारत के बारे में मशहूर है कि यहां हजारों साल से ये अनाज हमारे भोजन का अनिवार्य हिस्सा रहे हैं। हमारी पीढ़ी, जो पांच-छह दशक पहले बड़ी हो रही थी, में से बहुतों ने बचपन में गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, मक्का आदि की चूल्हे पर सिंकी स्वादिष्ट रोटियां खूब खाई हैं।

बाजरे की खिचड़ी, रोटी और घी मिलाकर बनाए लड्डू, समा के चावल भी भोजन का हिस्सा रहे हैं। तब तो गेहूं की रोटी में भी चने का आटा मिलाकर खाया जाता था, जिसे मिस्सा आटा कहते थे। अकेले गेहूं की रोटी खाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता था। सर्दियों में शायद ही कोई दिन होता था, जब मक्का या बाजरा की रोटी न बने, लेकिन गेहूं, चावल की पैदावार में क्रांति और इन्हें खाने वालों की आर्थिक हैसियत को ऊंची बताने के कारण मोटे अनाज हमारी थालियों से लगभग गायब हो गए। अरसे बाद जब ये सुपरफूड के रूप में विदेशों से लौटे और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने वाले धनाढ्य वर्ग की



थाली की शोभा बढ़ाने लगे, तो फिर इनके प्रति दिलचस्पी बढ़ी। यह अच्छा ही हुआ। फिलहाल सरकार भी इनके उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। खान-पान में इन अनाजों को शामिल करने की बात लगातार की जा रही है। मालूम हो, लम्बे समय से मोटे अनाजों की खेती को मुख्य धारा में लाने के लिए कोशिश की जा रही है।

सवाल अहम यह है कि भारत सहित दुनिया के देश मोटे अनाज की खेती पर जोर क्यों दे रही है? जवाब स्पष्ट है, तेजी से हो रहा जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या चिंता की बात है, ऐसे में फसलों के उत्पादन में कमी आएगी और खाद्य पदार्थों की मांग में बढ़ोतरी जिसके कारण सभी के लिए खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करना बड़ी चुनौती हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में सूखा और अकाल पडने जैसी घटनाएं सामान्य हो जाएंगी। मोटे अनाजों की खेती करके अकाल और सूखे की स्थिति से आसानी से निपटा जा सकता है। भारत दुनिया के उन सबसे बड़े देशों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा मोटे अनाज की पैदावार होती है। भारत दुनिया के कई देशों को मोटे अनाज का निर्यात करता है। इनमें संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, सऊद्री अरब, लीबिया, ओमान, मिस्त्र, ट्यूनीशिया, यमन, ब्रिटेन तथा अमेरिका शामिल हैं। मोटे अनाजों में भारत सबसे ज्यादा बाजरा, रागी, कनेरी, ज्वार और कुट्टू को एक्सपोर्ट करता है। वैश्विक उत्पादन में लगभग 41 प्रतिशत की अनुमानित हिस्सेदारी के साथ भारत दुनिया में बाजरा के अग्रणी उत्पादकों में शुमार है।

> **भारत दुनिया के कई देशों को मोटे अनाज का निर्यात करता है। इनमें संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, सऊद्री अरब, लीबिया, ओमान, मिस्त्र, ट्यूनीशिया, यमन, ब्रिटेन तथा अमेरिका शामिल हैं। मोटे अनाजों में भारत सबसे ज्यादा बाजरा, रागी, कनेरी, ज्वार और कुट्टू को एक्सपोर्ट करता है। वैश्विक उत्पादन में लगभग 41 प्रतिशत की अनुमानित हिस्सेदारी के साथ भारत दुनिया में बाजरा के अग्रणी उत्पादकों में शुमार है।**

इसके बावजूद मोटे अनाजों से बने उत्पाद- बेबीफूड, बेकरी, ब्रेकफास्ट, रेडी टू ईट फूड, रेडी टू कुक, रेडी टू सर्व, वेवरीज और पशु आहार बेचकर चीन दुनिया में मोटी कमाई कर रहा है। यह तब है जब वह दुनिया का मात्र 9 फीसदी ही मोटा अनाज पैदा करता है। खैर, केंद्र सरकार ने बाजरा सहित संभावित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने तथा पोषक अनाजों की आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं को दूर करने के लिए पोषक अनाज निर्यात संवर्धन फोरम का गठन किया है। मोटे अनाज की कैटेगरी में ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), जौ, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुटकी, कांगनी और चीना जैसे अनाज आते हैं। इन अनाजों के सेवन से मोटापा, दिल की बीमारियां, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर का खतरा घटाता है। इनमें कई गुना अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही वजह है कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। मोटे अनाज में सिर्फ फाइबर ही नहीं, बल्कि विटामिन-बी, फोलेट, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम, आयरन और कई तरह के एंटीअक्सीडेंट्स पाए जाते हैं।

मोटे अनाज जहां सेहत के लिए रामबाण हैं तो दूसरी तरफ खेती करने वाले किसानों के लिए भी फायदेमंद हैं। मोटे अनाजों की खेती करके जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, भू-जल ह्रास, स्वास्थ्य और खाद्यान्न संकट जैसी समस्याओं को काबू में किया जा सकता है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि भारत 2023 में जी-20 की अध्यक्षता करते हुए अंतराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के उद्देश्यों और लक्ष्यों के मद्देनजर देश और दुनिया में मोटे अनाजों के लिए जागरूकता पैदा करने में सफल होगा और इससे मोटे अनाज का वैश्विक उत्पादन बढ़ेगा, मोटे अनाज का वैश्विक उपभोग बढ़ेगा। साथ ही, कुशल प्रसंस्करण एवं फसल चक्र का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। भारत द्वारा वर्ष 2023 में मोटा अनाज वर्ष के तहत मोटे अनाजों के प्रति जागरूकता की प्रभावी रणनीति से एक बार फिर मोटे अनाज को देश के हर व्यक्ति की थाली में अधिक जगह मिलने लगेगी।

# जिंदगी की कसौटी से हर रिश्ता गुजर गया’!

**जगदीश सिंह सम्पादक**

'कुछ निकले खरें सोने से कुछ का पानी उतर गया' !!

आईस्ता आईस्ता जिघ्न्दी आखरी मंजिल के तरफ बढ़ती जा रही है तमाम गुमनाम रिश्ते आते रहे बिछड़ते रहे मगर अपनों की भीड़ मे खोया जीवन का हर पहलू दर्द का सौगात लिए यादों की लम्बी फेहरिस्त दिये अनसुलझे सवालों के साथ पृष्ठांकित होता जा रहा हैं ।समय का सागर अपनी उफान को लिए आसमान तक पहुंचने के लिए निरन्तर उम्र की तरह प्रवाहमान है ।जब की आखरी मुकाम पर पहुंच कर सबको बराबर मिलता सम्मान है ।जीवन के गुजरते हर लम्हा तन्हा रहने का एहसास तो कराता ही है अनुभव की कसौटी पर अपनो की पहचान भी पोख्ता करता जाता है। तमाम विसंगतियों के साथ उत्कर्ष पर पहुंचने की आकांक्षा लिए सम्पुर्ण जीवन संघर्षों में गुजर जाता है। पल पल गुजरते समय के साथ जीवनपथ की दुरुह यात्रा में कभी पीटे मुड़कर देखने की फुर्सत ही नहीं मिलता! निरन्तर सोच की उफनती दरिया में गोता लगाते अपनों की सुख सम्बृधि के साथ सलामती के लिए कठिन परिश्रम के बाद भी जब खुद को सहारे की जरूरत पड़ती है तब सारा भ्रम टूट जाता है ख्वाबों की बस्ती से मोह टूट जाता है ।मगर तब तक सब कुछ बदल जाता है ।चाह कर भी आह निकालना मुश्किल हो जाता है ।जब तक बाग में फल थे सुहाने कलरव के साथ चहचहाना जारी था पतझड़ आते ही बीरान हो गई खुबसूरत मनमोहक वह बाग जिसके शानिध्य में जिन्द्गी की हरियाली गुलजार हुई थी ।यह तो अटल सत्य है आया है सो जायेगा आने के दिन ही जाने का समय भी निश्चित हो जाता है ।मगर उम्र की सीमा के भीतर तमाम तरह के अनुभवों का सौगात मिलता रहता है ।मतलबी जहान मे इसी कालखंड में अपनों की पहचान मुकम्मल हो जाती है।



साल का आखरी पहर चल रहा है यह वर्ष भी नव वर्ष की अगुवानी के लिए प्रति की चुनरी धानी पर अमृत बूंदों की वर्षा कर रहा है

महज कुछ घन्टो में परिवर्तन की पराकाष्ठा का प्रमाण देती यह साल अपने अतीत का जयमाल नव वर्ष के गले में डाल कर हमेशा हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में अपना कालजई वजूद दर्ज कराती इस सदी का गवाह बनती चली जायेगी !निरन्तर चलने वाला वक्त मुस्कराते फिर हाल के साल के प्रथम दिवस पर बिवस मानवता को भगवान भास्कर के सप्तरंगी किरणों के साथअद्भुत दृश्य का अवलोकन कराते कर्मपथ पर कल को नेपथ्य में छोड़ते आज के साथ समर्पण भाव लिए आगे बढ़ जायेगा। सदियों से चली आ रही परम्परा जब तक दुनियां है चलती रहेगी !आगत का स्वागत निश्चित बिधान है और इसी सम्पदा से सुसज्जित हिन्दुस्तान है ।आज को शौक से जिएं कल किसी ने नहीं देखा है धर्म कर्म दया दान सारे अभिमान को त्याग कर जीवन के गुजरते पलों में समन्वित करें इस मतलबी जहां में कोई अपना नहीं ! जब तक जीवन है स्वार्थ के शानिध्य में परमार्थ को भी अंगीत करें ! जीवों पर दया गरीबों मजलूमों असहायों पर पा बनाये साईं नाथ सबकी सुनते हैं। सबका मालिक एक साईं राम

> **पल पल गुजरते समय के साथ जीवनपथ की दुरुह यात्रा में कभी पीटे मुड़कर देखने की फुर्सत ही नहीं मिलता! निरन्तर सोच की उफनती दरिया में गोता लगाते अपनों की सुख सम्बृधि के साथ सलामती के लिए कठिन परिश्रम के बाद भी जब खुद को सहारे की जरूरत पड़ती है तब सारा भ्रम टूट जाता है ख्वाबों की बस्ती से मोह टूट जाता है ।मगर तब तक सब कुछ बदल जाता है ।चाह कर भी आह निकालना मुश्किल हो जाता है ।जब तक बाग में फल थे सुहाने कलरव के साथ चहचहाना जारी था पतझड़ आते ही बीरान हो गई खुबसूरत मनमोहक वह बाग जिसके शानिध्य में जिन्द्गी की हरियाली गुलजार हुई थी ।यह तो अटल सत्य है आया है सो जायेगा आने के दिन ही जाने का समय भी निश्चित हो जाता है ।मगर उम्र की सीमा के भीतर तमाम तरह के अनुभवों का सौगात मिलता रहता है ।मतलबी जहान मे इसी कालखंड में अपनों की पहचान मुकम्मल हो जाती है।**
>
> **साल का आखरी पहर चल रहा है यह वर्ष भी नव वर्ष की अगुवानी के लिए प्रति की चुनरी धानी पर अमृत बूंदों की वर्षा कर रहा है**

दैनिक जयन्त- राष्ट्रीय



## प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन के निधन पर राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति ने शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन मोदी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। बता दें कि प्रधानमंत्री की मां हीराबेन का 100 साल की उम्र में निधन हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्वीट कर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदशरें का प्रतीक है। नरेंद्र मोदी ने श्मातृदेवोभव की भावना और हीराबा के मूल्यों को अपने जीवन में ढाला। मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।

वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता हूँ। हीराबेन मोदी, उन्होंने मातृत्व के गुण को दशार्ते हुए सादगी और उदात्तता का उदाहरण दिया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें अहमदाबाद के एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## आंग सान सू की भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी करार, 7 साल की सजा सुनाई गई

**म्यामार , एजेंसी।** सैन्य शासित म्यांमा में अदालत ने लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू की को भ्रष्टाचार के अन्य आरोपों में दोषी करार देते हुए उनकी जेल की सजा सात साल और बढ़ाई। नोबेल पुरस्कार विजेता सू की को हेलिकप्टर किराए पर लेने और उसका रखरखाव करने से संबंधित भ्रष्टाचार के पांच मामलों में जेल में डाल दिया गया था। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी।

नोबेल पुरस्कार विजेता और म्यांमार के दशकों के सैन्य शासन के विरोध की प्रमुख नेता आंग सान सू की को तख्तापलट के बाद से हिरासत में लिया गया था। उनको पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि वह अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार करती हैं। इससे नेशनल लीग फर डेमोक्रेसी पार्टी का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। सेना ने म्यांमार में 2023 में नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा की है। गौरतलब है कि एक फरवरी 2021 को म्यांमार की सेना ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी और आंग सान सू की के साथ म्यांमार के कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया था।

## यूपी को मिलेगा अपना दूसरा हाथी रिजर्व

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के दूसरे हाथी रिजर्व, तराई हाथी रिजर्व (टीईआर) के लिए एक अधिसूचना जारी की है, जो चार जिलों में फैले 3,072 वर्ग किलोमीटर भूमि पर बनाया जाएगा। इस परियोजना को मई में केंद्र के प्रोजेक्ट हाथी से सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल गई थी। टीईआर लखीमपुर खीरी, बहराइच, पीलीभीत और शाहजहांपुर में फैला होगा। इसमें दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर), पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) और दक्षिण खीरी वन प्रभाग के गोला और मोहम्मदी रेंज शामिल हैं।

यह राज्य के पहले हाथी रिजर्व, शिवालिक हाथी रिजर्व से लगभग चार गुना बड़ा होगा, जो बिजनौर और सहारनपुर में फैला हुआ है।टीईआर देश में क्षेत्रफल के लिहाज से आठवां सबसे बड़ा हाथी रिजर्व होगा। एलीदें ट रिजर्व होने के कारण टीईआर को भी प्रोजेक्ट एलिदें ट के तहत फंड मिलेगा।

डीटीआर के निदेशक संजय पाठक ने कहा, यह हाथियों के कारण फसल के नुकसान जैसे किसानों के मुद्दों को दूर करने में मदद करेगा।

# अमित शाह ने लोगों से बीजेपी के लिए मांगा समर्थन, कांग्रेस और जेडीएस को बताया परिवारवादी और भ्रष्ट



**बेंगलुरु, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस और जद (एस) पर निशाना साधते हुए उन्हें परिवारवादी और भ्रष्ट कहा। इसके साथ ही, उन्होंने मांड्या और पुराने मैसूर क्षेत्र के लोगों से राज्य में बहुमत से सरकार बनाने में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया। बता दें, भाजपा को वोक्कालिगा बहुल ओल्ड मैसूर क्षेत्र में कमजोर माना जाता है। इसलिए पार्टी 2023 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए इस बेल्ट पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जद(एस)-कांग्रेस, कांग्रेस-जद(एस) बहुत हो गया। इस बार मांड्या, मैसूर क्षेत्र को भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीत दिलानी चाहिए। कांग्रेस और जद(एस) दोनों परिवारवादी पार्टियां हैं। वे भ्रष्ट पार्टियां हैं।

भाजपा की चल रही श्जनसंकल्प यात्राश के तहत एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमने दोनों दलों का प्रशासन देखा है। जब कांग्रेस आएगी, कर्नाटक दिल्ली का एटीएम बनेगा और जब जद (एस) आएगा, तो यह एक परिवार के लिए एटीएम बन जाएगा। इन दोनों पार्टियों ने बार-बार भ्रष्टाचार के जरिए कर्नाटक की प्रगति को रोका है।

यह कहते हुए कि वंशवादी राजनीति और भ्रष्टाचार से मुक्त होने का समय आ गया है, शाह ने लोगों से भाजपा को एक बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने और राज्य में डबल इंजन सरकार लाने का अवसर देने को कहा।उन्होंने कहा, मोदीजी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों में, हम कर्नाटक को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएंगे।श् उन्होंने कांग्रेस और जद (एस) दोनों पर भ्रष्ट, सांप्रदायिक और अपराधियों के संरक्षक होने का आरोप लगाया।

224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा में भाजपा को कभी भी पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। उसने या तो जद (एस) के समर्थन से या अन्य दलों से दलबदल करके निर्मित जनादेश के माध्यम से सरकारें बनाई हैं। जनसभा में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य भाजपा प्रमुख नलिन कुमार कतील, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में चुनाव होने जा रहे हैं, शाह ने मांड्या और मैसूर क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि वे भाजपा को अपने क्षेत्र की सभी सीटों पर जीत दिलाएं और स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि भाजपा का समर्थन करने से पीएम मोदी का हाथ मजबूत होगा और यह देश को सुरक्षित बनाएगा।ष

आगे यह आरोप लगाते हुए कि कांग्रेस और जद (एस) दोनों ने मांड्या और पुराने मैसूर क्षेत्र की प्रगति के लिए कुछ नहीं किया है, शाह ने कहा कि भाजपा ने मैसूर-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, मौजूदा रेलवे लाइन के दोहरीकरण और इसके विद्युतीकरण का काम करवाया।

पुराने मैसूर क्षेत्र में मांड्या एक वोक्कालिगा समुदाय बहुल जिला है, जिसे बड़े पैमाने पर जद (एस) के गढ़ के रूप में देखा जाता है, जहां कांग्रेस भी मजबूत है और भाजपा अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने बुधवार को कहा था कि पार्टी विधानसभा चुनावों से पहले पुराने मैसूर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देगी, क्योंकि उसने महसूस किया है कि इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीते बिना, उसे बहुमत नहीं मिल सकता है।

2018 के चुनाव में, भाजपा हासन में एक सीट जीतने में सफल रहीय बाद में हाई-वोल्टेज 2019 के उपचुनावों में, यह केआर पेट सीट जीतने में कामयाब रही, जो मांड्या जिले में इसकी पहली जीत थी। इसने पहली बार चिक्कबल्लापुर भी जीता।

एक तरह का इतिहास रचते हुए, पार्टी ने 2020 के उपचुनावों में पहली बार तुमकुरु जिले में सिरा विधानसभा क्षेत्र जीता। यह याद दिलाते हुए कि उन्होंने मांड्या से 2018 के विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार शुरू किया था, शाह ने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने भाजपा को सरकार बनाने का मौका दिया, जिससे वह राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। बाद में, 2019 के लोकसभा चुनावों में मोदी के नेतृत्व में 52 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें भाजपा को मिली।

समाज के गरीब, दलित और कमजोर वर्गों के लिए किए गए कार्यों और बड़ी आबादी को सफलतापूर्वक कोविड वैक्सीन की दो खुराक देने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि बोम्मई सरकार की सिफारिश पर मोदी शासन ने श्बेट्टा-कुरुबाश समुदाय को कर्नाटक में अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया है।

शाह ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर के संबंध में धारा 370 को बनाए रखने के लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया और कहा, ष5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करके पीएम मोदी ने आतंकवाद का अंत कर दिया है।ष इस दौरान उन्होंने अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर का भी जिक्र किया।

किसानों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को सूचीबद्ध करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कर्नाटक में आने वाले निवेश और यहां बनाए गए अभिनव माहौल की भी सराहना की।

## मां का अंतिम संस्कार कर कर्म पथ पर पीएम मोदी, कोलकाता में वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी का शुक्रवार सुबह 100 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह गांधीनगर के श्मशान घाट में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर के एक श्मशान घाट में अपनी मां हीराबेन मोदी का अंतिम संस्कार करने के बाद राजभवन के लिए रवाना हो गए। यहां से वह वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बंगाल में आयोजित सरकारी कार्यक्रमों में शामिल हुए।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर उसे देश को समर्पित किया।

वहीं पीएम मोदी की मां के निधन पर देश भर में शोक की लहर हैं। इस दौरान लालष्ण आडवाणी ने भी पीएम नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर दुख जताया। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीराबेन मोदी के निधन शोक व्यक्त किया है। यादव ने शुक्रवार को ट्वीट किया, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की माता जी आदरणीय श्रीमती हीराबेन मोदी जी का निधन, अत्यंत दुरूखद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। भावभीनी श्रद्धांजलि!

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शोक प्रकट करते हुए कहा, क्करू नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा का दुखद निधन हुआ। प्रधानमंत्री का अपनी मां से एक आत्मीय जुड़ाव था। इस दुख की बेला में हमारी संवेदनाएं प्रधानमंत्री और उनके परिवार के साथ हैं। मैं आदरणीय हीरा बा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी की मां के निधन पर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माताजी, श्रीमती हीरा बा के निधन का समाचार अत्यंत दुरूखद है। इस मुश्किल समय में, मैं उन्हें और उनके परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं और प्यार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री की मां हीराबेन के निधन पर मोदी परिवार का संदेश सामने आया है। दुख की इस घड़ी में साथ देने के लिए आभार जताया है। साथ ही उन्होंने लोगों से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से ही चलने के लिए कहा है। हीरा बा का अंतिम संस्कार बड़े ही साधारण तरीके से हुआ है।

## प्रयागराज में आवारा कुत्तों ने ले ली 21 हिरण व एक चिंकारा की जान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज के छतनाग इलाके में एक निजी गेस्ट हाउस में आवारा कुत्तों ने 21 चित्तीदार हिरण और एक चिंकारा को नोच-नोच कर मार डाला। यह घटना इस हफ्ते की शुरुआत में हुई थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे दो दिनों तक टुपाए रखा। हिरण की देखभाल करने वाली निजी फर्म के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिरणों का पालन गंगा किनारे 70 एकड़ के गेस्ट हाउस में किया जा रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी फर्म यूनिवर्सल केबल कंपनी लिमिटेड को 1988 में निजी संपत्ति पर हिरण पालने की अनुमति मिली थी। हिरण की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी फर्म को दी गई थी।वन विभाग के अधिकारियों ने पूछताछ के लिए सुरक्षा अधिकारी और हिरण पालक समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है और जांच के आदेश दिए गए हैं।जांच से यह भी पता चला कि परिसर में दो छोटे नालों से आवारा कुत्ते आ सकते हैं। यह भी माना जा रहा है कि कुत्ते बाउंड्रीवाल कूद गए होंगे।प्रयागराज के जिला वन अधिकारी महावीर कौजलगी ने कहा, वन विभाग ने पूछताछ के लिए अवधेश कुमार (सुरक्षा अधिकारी), लाल चंद्र यादव (हिरण रक्षक) और जंग बहादुर (सुरक्षा गार्ड) सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है।उन्होंने कहा, वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9 के तहत गेस्ट हाउस के प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी, हिरण कीपर और एक निजी फर्म के सुरक्षा गार्ड सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय को दी रिपोर्ट, राहुल गांधी ने खुद ही नहीं किया प्रोटोकॉल का पालन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने खुद ही सुरक्षा प्रोटोकल का पालन नहीं किया। राहुल गांधी को सुरक्षा के बारे में अवगत कराया था। दिल्ली पुलिस ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिल्ली में राहुल गांधी की सुरक्षा के पुख्ता व समुचित इंतजाम किए थे। दिल्ली पुलिस ने ये रिपोर्ट गृहमंत्रालय को दी है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की ओर से गृहमंत्रालय को दी रिपोर्ट में कहा है कि दिल्ली पुलिस ने कहीं भी सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही नहीं बरती। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने इस मामले में दिल्ली पुलिस की सिक्यूरिटी, ट्रैफिक व स्पेशल ब्रांच आदि यूनिटों से रिपोर्ट मांगी थी।

# लक्षद्वीप ने 17 द्वीपों में प्रवेश पर लगाई रोक, राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया हवाला



**कवरत्ती, एजेंसी।** लक्षद्वीप प्रशासन ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कुल 36 द्वीपों में से 17 में प्रवेश पर रोक लगा दी है। इन 17 द्वीपों में कोई आबादी निवास नहीं करती है और यहां जाने के लिए सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) से प्रवेश की अनुमति आवश्यक है।

लक्षद्वीप के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (डीएम) ने इस संबंध में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत औपचारिक अधिसूचना जारी की। आतंकवादी या तस्करी गतिविधियों को रोकने के लिए बुधवार को इन द्वीपों में प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला बुधवार को लिया गया था।

प्रशासन ने कहा कि उन द्वीपों में अवैध, असामाजिक और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोग हो सकते हैं, इसलिए यह फैसला लिया गया है। प्रशासन ने आदेश में कहा, चूंकि कुछ गैर-आबाद द्वीपों पर नारियल की कटाई करने वाले मजदूरों के आवास के रूप में अस्थायी ढांचे हैं, इसलिए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि इन मजदूरों के साथ-साथ ऐसे व्यक्ति भी हैं जो अवैध, असामाजिक और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों जैसे तस्करी, हथियार या नशीले पदार्थों को छिपाने के कामों में शामिल हैं।

आदेश में कहा गया है कि आतंकी समूहों या संगठनों द्वारा देश के महत्वपूर्ण संस्थानों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर हमला करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की संभावना को देखते हुए एहतियाती उपाय जरूरी हैं।

आदेश में कहा गया है कि आतंकी समूहों या संगठनों द्वारा देश के महत्वपूर्ण संस्थानों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर हमला करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की संभावना को देखते हुए एहतियाती उपाय जरूरी हैं। डीएम ने अपने आदेस में कहा, आतंकवाद, हिंसा और राष्ट्र विरोधी अवैध और असामाजिक गतिविधियों की संभावना के साथ-साथ देश के महत्वपूर्ण सैन्य और अर्ध-सैन्य, औद्योगिक और धार्मिक स्थानों पर हमलों के जरिए लोगों में भय और आतंक को रोकने के लिए मुझे लक्षद्वीप के 17 गैर आबाद द्वीपों में बिना पूर्व लिखित अनुमति के प्रवेश पर रोक लगाना उचित लगता है।

# भारत को बनाना है मैन्युफैक्चरिंग हब: जयशंकर

### वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रहा देश का दबदबा




**निकोसिया, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर साइप्रस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने राजधानी निकोसिया में शुक्रवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा बढ़ता जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह बात निकोसिया में एक व्यवसायिक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक दृष्टि से संचालित व्यापार नीतियों और सुधारों ने भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए सबसे मजबूत स्थलों में से एक बनने में योगदान दिया।

एस जयशंकर ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को एक प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना और साल 2025 तक 5 ट्रिलियन डलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभारना है। इसी बीच एस जयशंकर ने वैश्विक कोरोना महामारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हम वैक्सीन के निर्माण में सबसे बड़े वैश्विक केंद्रों में से एक थे। हमने 100 देशों को वैक्सीन की सप्लाई की। उन्होंने कहा कि भारत जी-20 के आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम है यानि विश्व एक परिवार है और इसे हमने महामारी के दौरान अपने व्यवहार में लाया है।

व्यवसायिक कार्यक्रम में एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में जो तकनीकी और बुनियादी ढांचागत प्रगति की है, उसने भारत में निवेश करने के लिए दुनिया में अधिक भूख पैदा की है। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापार और अन्य आर्थिक गतिविधियों के संबंध में हमने अपनी क्षमताओं में भी वृद्धि किया है। विदेश मंत्री ने बताया कि भारत ने बहुत महत्वाकांक्षी आर्थिक सुधारों को पूरा करने के लिए कोरोना महामारी के समय का सदुपयोग किया। जयशंकर ने प्रोडक्टिव लिंक्ड इंसेंटिव (च्स्प्) कार्यक्रम की सफलताओं की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है।

विदेश मंत्री ने साइप्रस यात्रा के दौरान कोणार्क व्हील का भी दौरा किया। इस मौके पर साइप्रस के विदेश मंत्री, वित्त मंत्री और गृह मंत्री साथ थे। एस जयशंकर ने तस्वीर ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। कोणार्क व्हील को दोनों देशों के बीच मजबूत दोस्ती का प्रतीक माना जाता है। भारत और साइप्रस इस समय अपने 60 साल के राजनयिक संबंधों का जश्न मना रहा है। कोणार्क व्हील 2017 में भारत द्वारा साइप्रस को उपहार में दिया गया था। भारत की आजादी के 75 साल और राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे होने के मौके पर दोनों देशों ने 29 दिसंबर को स्मारक डाक टिकट भी जारी किया।

## कोविड में बढ़ोतरी के बीच चीन ने खोली हवाई यात्रा, विशेषज्ञ चिंतित

**हांगकांग ,एजेंसी।** चीन के नागरिक उड्डयन प्रशासन (सीएएसी) ने 8 जनवरी से कोविड-19 यात्रा प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की है, इसके बाद विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह दुनिया के लिए सबसे खराब स्थिति हो सकती है, क्योंकि देश के अस्पताल अभी भी कोविड संक्रमितों से भरे हुए हैं। कोविड बढ़ोतरी के बीच चीन की यात्रा फिर से शुरू करने के लिए एयर कैरियर्स ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है।

हैंग सेंग बैंक चीन के मुख्य अर्थशास्त्री डैन वांग ने यूरो न्यूज को बताया, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा में वृद्धि होने की संभावना है, फिर भी पूर्व-महामारी के स्तर पर लौटने में कई और महीने लग सकते हैं।

उन्होंने उल्लेख किया, कोविड अभी भी चीन के अधिकांश हिस्सों में फैल रहा है। उत्पादकता में कमी महत्वपूर्ण है और आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव तीव्र हो सकते हैं क्योंकि मांग में अचानक वृद्धि आपूर्ति में सुधार को पीटे छोड़ देगी।

सीएएसी ने कहा कि यह इनबाउंड उच्च जोखिम वाली उड़ानों को नामित करना बंद कर देगा और इनबाउंड उड़ानों पर यात्री क्षमता के लिए 75 प्रतिशत की सीमा को समाप्त कर देगा।

## यूएस हाउस ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को लेकर टिकटॉक पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी हाउस अफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने अपने मोबाइल उपकरणों पर चीनी शर्ट-फर्म वीडियो मेकिंग ऐप टिकटक पर प्रतिबंध लगा दिया है। सदन ने कर्मचारियों को किसी भी सदन द्वारा जारी किए गए मोबाइल फोन से टिकटक को हटाने का आदेश दिया।

मेमो के अनुसार, हाउस स्टाफ को किसी भी हाउस मोबाइल डिवाइस पर टिकटक ऐप डाउनलोड करने की अनुमति नहीं है। अगर आपके हाउस मोबाइल डिवाइस पर टिकटक ऐप है, तो इसे हटाने के लिए आपसे संपर्क किया जाएगा।

19 अमेरिकी राज्यों में स्थानीय प्रशासन ने पहले ही सरकार द्वारा जारी डिवाइसों पर टिकटक पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## प्रधानमंत्री की मां के निधन पर शिवराज व शर्मा ने जताया शोक

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन मोदी के निधन पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री चौहान ने अपने शोक सन्देश में कहा भक्ति, तपस्या और कर्म की त्रिवेणी, नरेंद्र मोदी जैसे महान व्यक्तित्व को गढने वाली मां के चरणों में सादर प्रणाम।

## नोएडा में कंपनी पर एक्शन, पूरा प्रोडक्शन बंद करने के दिये आदेश

**नोएडा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की दवा नियामक ने मैरिओन बयोटेक को नोएडा प्लांट में सभी दवाइयों को बनाने पर रोक लगा दिया है। जांच अधिकारियों के मुताबिक इस प्लांट में गुड मैन्यूफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के शेड्यूल एम का उल्लंघन हो रहा था जिसके चलते कंपनी को प्रोडक्शन पूरी तरह से बंद करने का निर्देश दिया गया है। सूत्रों के हवाले से मनीकंट्रोल को इसकी जानकारी मिली है।

यह फैसला प्लांट के निरीक्षण के बाद लिया गया है और इसकी जांच आधी रात में की गई। मैरिओन बयोटेक के प्लांट पर बैन लगाने का फैसला केंद्रीय दवा नियामक और यूपी के दवा नियामक की जांच के आधार पर लिया गया है।बता दें कि उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की कथित तौर पर खांसी की दवाई से मौत के नोएडा की कंपनी मैरियन बायोटेक एमेनक्स समूह सवालों के घेरे में आ गया था। इस बीच मामले से संबंधित जांच में जुटी उत्तर प्रदेश ड्रग कंट्रोल और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल अर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) नोएडा प्लांट में सिरप के उत्पादन को पूरी तरह से बंद करने के लिए कहा है। आधी रात को निरीक्षण पूरा हो गया और उत्तर प्रदेश राज्य ड्रग कंट्रोलर ने यूनिट में सभी दवाओं के उत्पादन को पूरी तरह से रोकने का आदेश दिया।एक केंद्रीय दवा नियामक ने बताया कि जांच की रिपोर्ट के आधार पर कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा सकता है।

# आईपीएल ने हमारी जिंदगियां बदल दी, एसए20 लीग से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को फायदा होगाः डिविलियर्स



नईदिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने एबी डिविलियर्स की जिंदगी बदल की और इस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज को उम्मीद है कि स्वदेश में पहली एसए20 लीग (दक्षिण अफ्रीका 20 लीग) से दक्षिण अफ्रीका में युवा पीढ़ी को ऐसा ही फायदा मिलेगा। पहली एसए20 लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसकी शुरुआत 10 जनवरी को न्यूलैंड्स में होगी।लीग का पहला मुकाबला एमआई केपटाउन और पार्ल रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। लीग की सभी टीम को आईपीएल फ्रेंचाइजी ने खरीदा है। वर्ष 2008 में आईपीएल की शुरुआत से लेकर पिछले साल संन्यास लेने तक इस लुभावनी टी20 लीग में खेलने वाले डिविलियर्स ने कहा कि एसए20 से खेल को दक्षिण अफ्रीका में वह बढ़ावा मिलेगा जिसकी उसे जरूरत है।डिविलियर्स ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से कहा, मुझे लगता है कि एसए20 दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए सही समय पर हो रहा है। हमने देखा है कि इन लीग ने संबंधित देशों में कितना अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, हमारे युवाओं को इस आधार और मंच से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिलेगा।डिविलियर्स की आगामी टी20 लीग के दौरान जिन खिलाड़ियों पर नजर रहेगी उनमें एमआई केप टाउन के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस शामिल हैं। इस साल आईसीसी अंडर–19 विश्व कप में शिखर धवन का टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन का रिकॉर्ड तोडक़र सुर्खियां बटोरने वाले 19 साल के ब्रेविस ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।उन्होंने आईपीएल और कैरेबियाई प्रीमियर लीग में प्रभावित करने के बाद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के टी20 चैलेंज में सिर्फ 57 गेंद में 162 रन की तूफानी पारी खेली। डिविलियर्स का मानना है कि ब्रेविस को सैम कुरेन और लियाम लिविंगस्टोन जैसे इंग्लैंड के विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों के साथ खेलने का वैसे ही फायदा मिला जैसे उन्हें 2008 में पहली बार आईपीएल से जुड़ने पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के साथ खेलने का फायदा मिला था।

# चेतन शर्मा को मिल सकता है एक बार फिर से मौका



## —बीसीसीआई चयन समिति

नईदिल्ली, टीम इंडिया के अगले चीफ सेलेक्टर के लिए इंटरव्यू शुरू हो चुके है। बीसीसीआई के कमेटी इन दावेदारों का इंटरव्यू ले रही जिन्होंने अपने बायोडेटा भेजे है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है की जल्द ही टीम को अपना नया चीफ सेलेक्टर मिल जाएगा।

अशोक मल्होत्रा, सुलक्षणा नाइक और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति इंटरव्यू ले रही है। वैसे नया चीफ सेलेक्टर बनने की रेस में इस बार वेंकटेश प्रसाद, एस. शरथ, मनिंदर सिंह, मुकुंद परमार, नयन मोंगिया, सलिल अंकोला जैसे नाम शामिल हैं। वहीं पूर्व सलेक्टर चेतन शर्मा ने भी इस पद के लिए दोबारा अप्लाई किया है।

वैसे खबरे तो यह भी है की चेतन शर्मा चयन समिति के सदस्य बन सकते हैं। बीसीसीआई सूत्रों की माने तो चेतन शर्मा के पास फिर से अध्यक्ष बनने का मौका है और अगर ऐसा नहीं होता है तो वह सदस्य के रूप में अपनी जगह बना सकते है।

# दुनिया के महान फुटबालर पेले का निधन, 82 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



नईदिल्ली, फुटबॉल की दुनिया में एक युग का अंत हो गया। ब्राजिल को तीनबार विश्व चैपिंयन बनाने वाले पेले आज दुनिया को अलविदा कह गए। वो पिछले 1 महीने से अस्पताल में भर्ती थे जहां उनका उपचार जारी था। पेले को ब्लैक पर्ल और द किंग सहित कई नामों से जाना जाता था।

82 वर्षीय पेले का ब्राजील के साओ पाउलो में एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था और वहीं उनका निधन हो गया। वह कैंसर, हार्ट जैसी बीमारियों से जूझ रहे थे और लगभग एक महीने अस्पताल में भर्ती थे। उनके साथ उनके परिवार के लोग भी मौजूद थे। दो दिन पूर्व ही उनके बेटे और बेटी ने उनके लिए ट्वीट किया था।

जानकारी के अनुसार सितंबर 2021 में उनकी बड़ी आंत में ट्यूमर की शिकायत हो गई थी। जिसकों ऑपरेशन कर हटा दिया गया था। वो इसके बाद कुछ समय तक स्वस्थ भी रहे थे लेकिन फिर से उनकी यह बीमारी उभर आई जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा था।

# भारत—पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करना चाहता है मेलबर्न



मेलबर्न, भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल टी20 विश्वकप के दौरान खेले गए मैच की सफलता को देखते हुए मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) इन दोनों देशों के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करना चाहता है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का प्रबंधन देखने वाले एमसीसी और विक्टोरिया की सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी को लेकर हाल में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से बातचीत की।

एमसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टुअर्ट फॉक्स ने अक्टूबर में यहां खेले गए टी20 विश्व कप मैच की जबरदस्त सफलता को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच के आयोजन में दिलचस्पी दिखाई है। इन दोनों देशों के बीच खेले गए इस मैच में 90 हजार से अधिक दर्शक उपस्थित थे। फॉक्स ने कहा, निश्चित तौर पर एमसीजी में लगातार तीन टेस्ट मैचों का आयोजन शानदार होगा। हर बार स्टेडियम खचाखच भरा होगा। हमने इस बारे में जानकारी ली है। उन्होंने कहा, हमने इस बारे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बात की है। मैं जानता हूं कि (विक्टोरिया) सरकार ने भी ऐसा किया है। मैं जानता हूं कि व्यस्त कार्यक्रम के बीच यह बेहद जटिल है इसलिए मेरा मानना है कि संभवतः यह बहुत बड़ी चुनौती है। फॉक्स ने कहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस बारे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस बारे में आईसीसी से बात करता रहेगा और इस पर जोर देता रहेगा। जब आप दुनिया भर में कई स्टेडियमों को खाली देखते हैं तो ऐसे में मुझे लगता है खचाखच भरा स्टेडियम और वहां का माहौल खेल के लिए बेहतर होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला आखिरी बार 2007 में खेली गई थी। इसके बाद उनका सामना आईसीसी या एशियाई क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में ही हुआ है। पाकिस्तान को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र में 2023 में एमसीजी पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेलना है। फॉक्स को उम्मीद है कि तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के इस मैच में भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप के मैच की तरह ही स्टेडियम खचाखच भरा होगा। उन्होंने कहा, जिस तरह का माहौल भारत और पाकिस्तान के उस मैच में था, मैंने वैसा माहौल एमसीजी में पहले कभी नहीं देखा था। प्रत्येक गेंद के बाद शोर उठना अभूतपूर्व था। लोगों ने अपने परिवार और बच्चों के साथ इसका पूरा लुत्फ उठाया था।

## फिल्मी गपशप


# नए साल का जश्न मनाने के लिए रवाना हुए सिद्धार्थ–कियारा



गॉर्जियस कियारा आडवाणी और हैंडसम हंक सिद्धार्थ मल्होत्रा एक–दूजे को डेट कर रहे हैं और अब तक दोनों जबरदस्त अंदाज में नजर आ चुके हैं। दोनों एक–दूजे के साथ समय बिताने का कोई मौका नहीं छोड़ते। हालाँकि भले ही दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर कोई ऑफिशियल बात नहीं कीम हो, लेकिन इनके प्यार के चर्चे जोरों पर हैं। जी हाँ और अब दोनों को एक साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। जी दरअसल कियारा और सिद्धार्थ दोनों नए साल का जश्न मनाने के लिए मालदीव गए हैं।

आपको बता दें कि समंदर की लहरों के साथ ये लव बर्ड नए साल का स्वागत करने वाला है। आपको बता दें कि कियारा और सिद्धार्थ के अफेयर की खबरें उस वक्त से चर्चाओं में हैं जब से उन्होंने फिल्म शेरशाह की है। इस फिल्म के बाद दोनों ने एक–दूजे के साथ बहुत वक्त बिताया और देखते ही देखते दोनों की शादी की खबरें आने लगीं। अब इन सभी के बीच हाल ही में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। यहाँ रेड स्वेटशर्ट में सिद्धार्थ काफी स्मार्ट लग रहे थे। दुसरी तरफ लाइट ब्लू लूज फिट जींस और सी ग्रीन क्रॉप टॉप में कियारा बेहद खूबसूरत दिख रहीं थी। कियारा का ये लुक काफी कूल लग रहा था।

# सोनू सूद अभिनीत एक्शन थ्रिलर फतेह की शूटिंग 2023 में शुरू होगी



बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्म फतेह के बारे में खुलासा किया है, जिसकी शूटिंग 2023 में शुरू होगी। वैभव मिश्रा द्वारा निर्देशित, इस फिल्म की शूटिंग दिल्ली और पंजाब के विभिन्न स्थानों पर की जाएगी, और एक्शन सीक्वेंस को कोरियोग्राफ करने के लिए लॉस एंजिल्स से विशेष अंतर्राष्ट्रीय टीम भेजी जाएगी। 49 वर्षिय सूद ने हिंदी, तेलुगू, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है, जिसमें युवा, अथाड़ू, आशिक बनाया आपने, जोधा अकबर, कंडीरीगा, शूटआउट एट वडाला, आर.. राजकुमार, हैप्पी न्यू ईयर, सिम्बा और कुरुक्षेत्र सहित अन्य हिट फिल्में दी हैं। आने वाले वर्ष और अपनी नई फिल्म के लिए अपने उत्साह के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, 2023 की शुरुआत फतेह के साथ एक्शन नोट के साथ हुई है और मैं शेड्यूल का इंतजार कर रहा हूं। यह थकाऊहोने वाला है, लेकिन यह इसके लायक सुपर है। मैं कुछ हाई ऑक्टेन एक्शन दृश्यों में महारत हासिल करने के लिए भी उत्सुक हूं।सोनू सूद और जैकलीन फर्नाडीज अभिनीत यह फिल्म जी स्टूडियोज और शक्ति सागर प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

# ऋतिक रोशन–टाइगर श्रॉफ द ट्रांसपोर्टर के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर



बॉलीवुड इंडस्ट्री की फिल्मों में साउथ से लेकर हॉलीवुड के रीमेक खूब देखने को मिल रहे हैं। फिर चाहें आमिर खान की फिल्म ह्यलाल सिंह चड्डाह्ल, दिवंगत अभिनेता की फिल्म दिल बेचारा और दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म ह्यद ईंटर्नह्ल हो। ये सभी फिल्में रीमेक हैं। अब एक बॉलीवुड फिल्म को लेकर और खबर आ रही है कि ये हॉलीवुड फिल्म द ट्रांसपोर्टर का रीमेक होगी। बताया जा रहा है कि फ्रेंच एक्शन–थ्रिलर इस फिल्म का अब हिंदी में रीमेक बनाया जाएगा। फिल्म में रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ को लेने की चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि हॉलीवुड फिल्म ह्यद ट्रांसपोर्टरह्ल का हिंदी में निर्माण विशाल राणा करेंगे। विशाल राणा ने साल 2022 में आई इस फिल्म के अधिकार खरीद लिए हैं। वह इस फिल्म को एक्शन फ्रेचाइंजी बनाएंगे। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि विशाल राणा फिल्म के लिए रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ को लेने का मन बना रहे हैं। हालांकि, फिल्म के शुरू होने में कुछ महीने लगेंगे। विशाल राणा का कहना है कि उनकी टीम ने स्क्रिप्ट को लेकर काम शुरू कर दिया है। विशाल राणा ने हाल ही में रिलीज हुई तापसी पन्नू की फिल्म ब्लर को–प्रोड्यूस किया था।

# 3 इडियट्स ने कियारा को बॉलीवुड में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित



बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने खुलासा किया है कि यह निर्माता राजकुमार हिरानी की फिल्म 3 इडियट्स थी, जिसने उनके माता–पिता को उन्हें हिंदी सिनेमा में अपना करियर बनाने के लिए राजी किया था। द कपिल शर्मा शो के अपकमिंग विशेष एपिसोड गोविंदा नाम मेरा, जिसमें विक्की कौशल, कियारा आडवाणी, रेणुका सहाणे, विराज घेलानी और निर्देशक शशांक खेतान शामिल होंगे, कियारा इस बात का खुलासा करेंगी कि वह इंडस्ट्री में कैसे आईं। अभिनेत्री इसमें साझा करेंगी, माता–पिता के लिए अपने बच्चों के बारे में चिंता करना बहुत स्वाभाविक है जो फिल्म उद्योग में अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं। यह देखते हुए कि वे उद्योग से नहीं हैं, वे मेरे लिए डरे हुए थे और मेरी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। वे चाहते थे कि मैं इस प्रोफेशन के अलावा कुछ और ट्राई करूं। लेकिन वे हमेशा से जानते थे कि अभिनय एक ऐसी चीज है जिसे मैं वास्तव में अपने जीवन में करना चाहती हूं। मुझे याद है मैं स्कूल में थी जब पापा और मैं 3 इडियट्स देखने गए थे और आप जानते हैं कि कहा जाता है कि फिल्में सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं होतीं बल्कि जो संदेश देती हैं वह लोगों के जीवन को छू सकती हैं। और 3 इडियट्स ने मेरे पिता पर जादू की तरह काम किया और वह इस यात्रा में मेरा साथ देने के लिए तैयार हो गए।

# सेंसर बोर्ड ने पठान के बेशरम रंग पर चलाई कैंची, कराए कई बदलाव



शाहरुख खान की फिल्म पठान रिलीज होने से पहले ही विवादों में है। जब से इस फिल्म का गाना बेशरम रंग रिलीज हुआ है, सेंसर बोर्ड भी लोगों के निशाने पर रहा है। सोशल मीडिया से लेकर, हिंदी संगठनों और बॉलीवुड की कई हस्तियों ने आवाज उठाई कि फिल्म के इस गाने को सेंसर बोर्ड ने पास ही क्यों किया? अब बोर्ड ने निर्माताओं को फिल्म में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने हाल ही में अपने बयान में कहा, पठान के निर्माताओं को जांच समिति ने निर्देश दिया गया है कि वे इस फिल्म के गानों समेत जो और बदलाव सुझाए गए हैं, उन्हें लागू करें। उन्होंने कहा, निर्माताओं को सुझाए गए सभी बदलावों को उचित रूप से लागू करने और थिएटर में रिलीज से पहले इसकी संशोधित कॉपी बोर्ड में पेश करने के लिए कहा गया है। जोशी ने कहा, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड अभिव्यक्ति और दर्शकों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। रिलीज होने से पहले फिल्मों को जो पड़ाव पार करने पड़ते हैं, पठान उन पड़ावों से गुजर रही है। उन्होंने कहा, हमारे देश की संस्कृति गौरवशाली है। ऐसा कुछ ना परोसा जाए, जिससे इसे ठेस पहुंचे। मैंने पहले भी कहा है कि निर्माताओं और दर्शकों के बीच विश्वास बनाए रखना सबसे जरूरी है। निर्माताओं को यह ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। सेंसर बोर्ड अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर किसी भी फिल्म को सर्टिफिकेट देने से इनकार कर सकता है। हालांकि, यह फिल्म पर बैन नहीं लगा सकता है। बोर्ड फिल्म के किसी सीन पर आपत्ति जताकर उसे कांट–छांट कर या हटाने का आदेश दे सकता है। पठान एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण भी मुख्य भूमिका में हैं और जॉन अब्राहम विलेन बने हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com